रोहतक
मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 65
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 31.2
न्यून. 17.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05 श्रीलंका लड़खड़ाया पर अब भी मजबूत, बांग्लादेश 178 पर ढेर

## खबर संक्षेप

### लोकसभा चुनाव के बाद प्रभावी होंगी नई टोल दरें

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने एनएचएआई से कहा कि राजमार्गों पर नई टोल दरें लोकसभा चुनाव के बाद लागू करे। आमतौर पर देश के ज्यादातर टोल राजमार्गों पर दरों को एक अप्रैल से बढ़ाया जाता है। आयोग ने एनएचएआई से टोल शुल्क वृद्धि को टालने के लिए कहा है। ऐसा माना जा रहा था कि टोल शुल्क में औसत पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। भाषा

### दो हजार मूल्य के 97.69 प्रतिशत नोट वापस आए

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि 2000 रुपये मूल्य के 97.69 प्रतिशत नोट बैंकों के पास वापस आ गये हैं। केवल 8,202 करोड़ रुपये मूल्य के 2000 के नोट अब लोगों के पास है। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को वापस लेने की घोषणा की थी। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि 19 मई को चलन में 2000 रुपये के नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। भाषा

### आदि कैलाश, ओम पर्वत के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटक स्थलों आदि कैलाश व ओमपर्वत के लिए सोमवार को हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई। इस सेवा की शुरूआत पिथौरागढ़ के संयुक्त मजिस्ट्रेट आशीष मिश्रा ने नैनी सैंणी हवाई अड्डे से की। सरकार की हेली दर्शन योजना के तहत एमआई-17 हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को हवाई अडड्े से व्यास घाटी क्षेत्र में आदि कैलाश और ओम पर्वत तक ले जाएगा। भाषा

### बीसीएएस 122 पद भरेगा 17 नए कार्यालय खुलेंगे

**नई दिल्ली।** नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) जल्द 122 परिचालनगत पद भरेगा, जिनके लिए वित्त मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। बढ़ते हवाई यातायात के बीच यह कदम इस सुरक्षा एजेंसी की क्षमता को मजबूत बनाएंगा। एजेंसी के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने कहा, इन पदों के निर्माण से बीसीएएस को 17 नए कार्यालय बनाने में मदद मिलेगी, जिनमें 13 उप-क्षेत्रीय कार्यालय शामिल हैं। भाषा

### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 32 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** एक अप्रैल आम जनता के लिए महंगाई से राहत लेकर आया है। सरकार की ओर से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की गई है। कटौती के बाद दिल्ली में 19 किलो के एलपीजी सिलेंडर का रेट 1764.50 रुपए हो गया है। पहले ये 1795 रुपए था। दिल्ली में 30.50 रुपये कम हुए हैं। मुंबई में 31.50 रुपए, चेन्नई में 30.50 और कोलकाता में 32 रुपये कम हो गए हैं। एजेंसी

नया नियम

## देश में एक वाहन, एक फास्टैग मानदंड लागू




**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया। इसका उद्देश्य कई वाहनों के लिए एक फास्टैग के इस्तेमाल या एक वाहन से कई फास्टैग संबद्ध करने को हतोत्साहित करना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब एक वाहन पर एक से अधिक फास्टैग नहीं लगाए जा सकेंगे। जिन लोगों के पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं, वे एक अप्रैल से उनका उपयोग नहीं कर पाएंगे। पेटीएम फास्टैग का इस्तेमाल करने वाले वाहन मालिकों की समस्याओं को देखते हुए 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल के अनुपालन की समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ा दी थी।

फिर रिकॉर्ड

## मार्च में जीएसटी संग्रह 1.78 लाख करोड़ रुपये



**नई दिल्ली (भाषा)।** बीते वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ा है। यह अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह है। अबतक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मार्च में संग्रह बढ़ने के साथ समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है।

बड़ी राहत

## उड़ान में देरी पर विमान से बाहर आ सकेंगे यात्री



**नई दिल्ली (भाषा)।** विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें विमान में सवार होने के बाद उड़ान की रवानगी में लंबा विलंब होने पर यात्रियों को हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार के जरिये बाहर निकलने की अनुमति दी है। बीसीएएस का निर्देश हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ और उड़ान में देरी के बढ़ते मामलों की पृष्ठभूमि में आया है। कई बार यात्री विमान में सवार होने के बाद भी लंबे समय तक फंस जाते हैं। बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने कहा कि नए दिशानिर्देश 30 मार्च को एयरलाइन कंपनियों और हवाई अड्डा संचालकों को जारी किए गए थे और अब ये लागू हो चुके हैं।

खुशखबरी

## मीराबाई ने कटवाया ओलंपिक का टिकट



**फुकेट (भाषा)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए, जिनमें दो टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं।

# केजरीवाल तिहाड़ जेल भेजे गए, बैरक में अकेले ही रहेंगे

**दिल्ली शराब नीति घोटाला** 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**ईडी ने कहा-केजरीवाल** हमें सहयोग नहीं कर रहे, वे गुमराह कर रहे

**एजेंसी का दावा** अरविंद बोले-आतिशी-सौरभ को रिपोर्ट करता था नायर

**राउज एवेन्यू कोर्ट** और दिल्ली हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में एक अदालत ने सोमवार को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेज दिया। आप प्रमुख केजरीवाल को उनकी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद यहां विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया था। ईडी ने अदालत से कहा कि मुख्यमंत्री ने पूछताछ के दौरान 'बिल्कुल सहयोग' नहीं किया। केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। वे जेल नंबर 2 में अकेले रहेंगे। 21 मार्च से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़े दो मामलों पर राउज एवेन्यू कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

### पहला केसः राउज एवेन्यू कोर्ट

पहले मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल ने पूछताछ में बताया कि आतिशी और सौरभ भारद्वाज को विजय नायर रिपोर्ट करता था। ईडी ने कहा कि केजरीवाल हमें सहयोग नहीं कर रहे हैं। वे हमें गुमराह कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने पूछा कि ज्यूडिशियल कस्टडी के लिए ये दलीलें कितनी सही हैं? एएसजी राजू ने कहा कि केजरीवाल अपने फोन का पासवर्ड नहीं शेयर कर रहे। हम बाद में इनकी ईडी कस्टडी की मांग करेंगे। ये हमारा अधिकार है। इसके बाद कोर्ट ने केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने कोर्ट से कहा-अरविंद केजरीवाल को जेल में 3 किताबें दी जाएं-गीता, रामायण और नीरजा चौधरी की बुक हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड।



### दूसरा केसः दिल्ली हाईकोर्ट

दूसरा मामला केजरीवाल के जेल से सरकारी आदेश के खिलाफ था। सुरजीत सिंह यादव ने पीआईएल दाखिल कर जेल से सरकारी आदेश देने पर रोक लगाने की मांग की थी। इस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने सुनवाई करते हुए याचिका खारिज कर दी।

### केजरी बोले- ये जो कर रहे हैं, देश के लिए अच्छा नहीं

- पहले कोर्ट में पेशी के दौरान केजरीवाल ने कहा- प्रधानमंत्री जो कुछ भी कर रहे हैं, वह देश के लिए अच्छा नहीं है।
- सुनवाई के दौरान सुनीता केजरीवाल, दिल्ली की मंत्री आतिशी, गोपाल राय व सौरभ भारद्वाज भी कोर्ट में मौजूद थे।
- ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। अगले दिन विशेष न्यायाधीश बवेजा ने उन्हें 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद रिमांड 1 अप्रैल तक बढ़ाई थी।
- ईडी ने कहा, केजरीवाल ने आप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष को भ्रमित बताया
- ईडी ने कहा कि केजरीवाल एजेंसी को गुमराह कर रहे थे। वह मुख्यमंत्री की भूमिका की जांच कर रही है।

*तिहाड़ जेल में केजरीवाल पत्नी सुनीता, बेटा-बेटी, निजी सचिव विभव कुमार और आपके महासचिव संदीप पाठक व एक अन्य से मुलाकात कर सकेंगे।*

**केजरीवाल पर ये आरोप** रिमांड आवेदन में जांच एजेंसी ने 'आप' नेता पर दिल्ली शराब घोटाले की पूरी साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है, जिसमें नीति बनाना, लागू करना, फायदा पहुंचाना, रिश्वत लेना और पैसे का इस्तेमाल गोवा चुनाव में करना।

# ज्ञानवापी परिसर में व्यास जी के तहखाने में जारी रहेगी पूजा

**वाराणसी (एजेंसी)।** ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। जिसके बाद ज्ञानवापी में व्यास जी के तहखाने में पूजा जारी रहेगी। वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना करने की अनुमति प्रदान की थी। इसके खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि हाईकोर्ट ने जिला अदालत के फैसले पर रोक से इनकार कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले पर रोक से इनकार कर मस्जिद कमेटी को बड़ा झटका दिया है।

■ हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार
मुस्लिम पक्ष बोला-हमें बेदखल किया जा रहा

### यथास्थिति बनाए रखना उचित रहेगा : सीजेआई

सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 17 और 31 जनवरी (तहखाना के अंदर पूजा की अनुमति) के आदेशों के बाद मुस्लिम पक्ष ज्ञानवापी मस्जिद में बिना किसी बाधा के नमाज पढ़ रहा है। हिंदू पुजारी पूजा कर रहे हैं। इसलिए तहखाना क्षेत्र में यथास्थिति बनाए रखना उचित है, ताकि दोनों समुदाय पूजा कर सकें।

### काशी विश्वनाथ मंदिर के ट्रस्टियों को नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी के तहखाने में हिंदुओं को पूजाकी अनुमति देने के खिलाफ मस्जिद प्रबंधन की याचिका पर काशी विश्वनाथ मंदिर के ट्रस्टियों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने काशी विश्वनाथ मंदिर के ट्रस्टियों और अन्य से 30 अप्रैल तक जवाब मांगा है।

## भोजशाला परिसर के वैज्ञानिक सर्वे पर रोक लगाने से इनकार


अनुमति के बिना कोई कार्रवाई न की जाए

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के धार जिले में मध्ययुगीन संरचना भोजशाला परिसर के 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वेक्षण के नतीजे के आधार पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई न की जाए। हिंदू और मुस्लिम दोनों एएसआई द्वारा संरक्षित 11वीं सदी के इस परिसर पर अपना दावा जता रहे हैं। हिंदू भोजशाला को वाग्देवी को समर्पित मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम उसे कमाल मौला मस्जिद बताते हैं। 7 अप्रैल 2003 को किए एक समझौते के तहत हिंदू मंगलवार को पूजा करते हैं, जबकि मुस्लिम शुक्रवार को नमाज पढ़ते हैं।

## किसान की मौत मामले में जांच के आदेश पर रोक से इनकार

**चंडीगढ़/नई दिल्ली(ब्यूरो)।** सुपीम कोर्ट ने फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों के बीच संघर्ष के दौरान किसान शुभकरण सिंह की मौत के मामले में जांच के लिए समिति गठित करने के पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति द्वारा निगरानी रखने से निष्पक्षता और पारदर्शिता आएगी। जांच रिपोर्ट आने दो, बाद में रिपोर्ट पर विचार किया जाएगा। 22 वर्षीय किसान शुभकरण सिंह की पुलिस से झड़प में हुई मौत की जांच हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज से करवाने के हाईकोर्ट के ऑर्डर को सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा सरकार ने चुनौती दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आपके अफसर भी जांच में, रिपोर्ट आने दो

### कानून पर विश्वास मज़बूत होगा


मृतक किसान शुभकरण

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के ऑर्डर पर रोक लगाने से साफ मना कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रिटायर्ड हाईकोर्ट के जज की अध्यक्षता में जो कमेटी बनी है, उसमें हरियाणा और पंजाब दोनों के एडीजीपी रैंक के अधिकारी शामिल हैं, जिससे लोगों का कानून व्यवस्था पर विश्वास मज़बूत होगा। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अभी मामला हाईकोर्ट में लंबित है। जिसकी सुनवाई 10 अप्रैल को होनी है और रिपोर्ट भी कोर्ट में सबमिट नहीं हुई है। रिपोर्ट आने के बाद ही मामले पर विचार किया जा सकता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 19 अप्रैल को निर्धारित की है।

## सौ करोड़ का घोटालाः मास्टरमाइंड नरेश के विदेश भागने की आशंका

**चंडीगढ़(ब्यूरो)।** हरियाणा के सहकारिता विभाग में हुए 100 करोड़ रुपये के कथित घोटाले का मास्टरमाइंड नरेश गोयल भूमिगत हो गया है। विभाग की एकीकृत सहकारी विकास परियोजना के नोडल अधिकारी के रूप में हरको बैंक के एमडी नरेश गोयल के एंटी करप्शन ब्यूरो को विदेश भाग जाने का शक है। इस मामने में एसीबी की टीमें छह दिन से उसके पंचकूला और चंडीगढ़ में ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं, लेकिन गोयल का कोई अतापता नहीं है। सूत्रों का कहना है कि गोयल की गिरफ्तारी के बाद इस घोटाले की असलियत सामने आएगी।

सहकारिता मामले में एसीबी की टीमें सक्रिय एयरपोर्ट पर भी अलर्ट

### कई रसूखदार भी शामिल

- सूत्रों का कहना है कि घोटाले में कुछ सफेदपोश व रसूखदार लोगों की भूमिका शामिल है। एसीबी के गुरुग्राम में दर्ज एफआईआर में असिस्टेंट रजिस्ट्रार अनु कौशिश सहित अन्य लोगों के खिलाफ कई संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है।
- नरेश के अलावा घोटाले की मास्टरमाइंड असिस्टेंट रजिस्ट्रार अनु कौशिश व बिजनेसमैन स्टालिनजीत सिंह मुख्य आरोपितों में बताया जा रहा है, इन्होंने ही फेक बिल और फर्जी कंपनियों के नाम पर सरकारी पैसे को ठिकाने लगाया।
- इन्होंने अपने बैंक अकाउंट का पैसा हवाला के जरिए दुबई और कनाडा तक पहुंचाया। ये दोनों भी विदेश भागने की फिराक में थे, लेकिन एसीबी ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।
- सरकार ने इस योजना के नोडल अधिकारी नरेश के खिलाफ एसीबी को 17-ए के तहत जांच की मंजूरी दी है। एसीबी ने केस में शामिल करने के लिए गोयल के खिलाफ 17-ए की मंजूरी मांगी थी।

## 'लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस के खिलाफ एक्शन नहीं लेंगे'

**नई दिल्ली(भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस के 3500 करोड़ की टैक्स डिमांड के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की। आयकर विभाग की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विभाग कांग्रेस के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेगा। हम चुनाव के दौरान किसी भी पार्टी के लिए परेशानी खड़ी नहीं करना चाहते। मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच में हुई।

सुप्रीम कोर्ट में आयकर विभाग का जवाब
■
कांग्रेस से 3500 करोड़ की टैक्स डिमांड मामला

### 29 मार्च को पहला नोटिस

- कांग्रेस को 29 मार्च को आयकर विभाग से पहला नोटिस मिला था, जिसमें करीब 1823 करोड़ की डिमांड की गई। यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं।
- इसके बाद 31 मार्च को कांग्रेस को आयकर विभाग ने नया नोटिस दिया था, जिसमें 2014 से 2017 के लिए 1745 करोड़ रुपये के टैक्स की डिमांड की गई। विभाग ने कांग्रेस के खातों से 135 करोड़ रुपये पहले ही वसूल लिए हैं।

## भारत को दस साल में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरतः मोदी

**मुंबई (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे। उन्होंने कहा, ''हमें भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी।' मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है।


रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में बोले पीएम | प्रधानमंत्री ने इस मौके पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया

### आरबीआई की उपलब्धि को सराहा

मोदी ने बैंकिंग क्षेत्र में नियम-आधारित अनुशासन और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों को लागू करने में आरबीआई की उपलब्धि की सराहना की और बैंकों को सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने दुनियाभर में रुपये को अधिक सुलभ और स्वीकार्य बनाने के प्रयासों पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने आरबीआई के 90 साल पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया।

### ट्विन बैलेंस शीट की समस्या अतीत की बात

मोदी ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए), जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं। 'ट्विन बैलेंस शीट' (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**मौसम** आईएमडी का दावा, अगले हफ्ते 2 से 5 डिग्री बढ़ेगा पारा

*मध्य और पश्चिमी भागों पर सबसे बुरे प्रभाव की आशंका*

## इस साल अप्रैल-जून में ज्यादा गर्मी का अनुमान, 20 दिन तक लू चलेगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** मौसम विभाग ने सोमवार को कहा कि भारत में अप्रैल से जून तक की अवधि के दौरान अत्यधिक गर्मी पड़ेगी। इसका मध्य एवं पश्चिमी प्रायद्वीपीय भागों पर सबसे बुरा प्रभाव पड़ने का अनुमान है। इस बार 20 दिनों तक लू की संभावना जताई गई, जो अमूमन 8 दिनों तक रहती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का यह अनुमान ऐसे समय में आया है, जब देश 7 चरणों में होने वाले आम चुनाव की तैयारी कर रहा है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल-जून की अवधि के दौरान देश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने तथा मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत में इसका सबसे बुरा असर पड़ने का अनुमान है। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान के सामान्य या सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।



### इन राज्यों में ज्यादा प्रभाव

आईएमडी के महानिदेशक ने कहा कि गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में गर्मी का सबसे बुरा असर पड़ सकता है। अप्रैल में देश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने तथा मध्य दक्षिण भारत में इसकी ज्यादा संभावना है। अप्रैल में पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से नीचे रहने का अनुमान है।

### बड़ा क्षेत्र प्रभावित होगा : रिजिजू




देश का एक बड़ा क्षेत्र हीटवेव से प्रभावित होने वाला है, जिसमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश जैसे राज्य शामिल हैं। चूंकि अगले कुछ दिनों में लोकसभा चुनाव हैं, इसलिए सरकार हीटवेव को लेकर सावधानी बरत रही है। तैयारियों को लेकर राज्य सरकारों के साथ दो दिन बैठक भी की गई।
*- किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री*



### गर्मी का गेहूं पर असर नहीं होगा

आईएमडी ने कहा कि तापमान में बढ़ोत्तरी से गेहूं की तैयार फसल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मध्य प्रदेश में इस समय तापमान 37-40 डिग्री सेल्सियस के आसपास है और अगले सप्ताह 42 डिग्री तक जाने की संभावना है। चूंकि राज्य में गेहूं की कटाई का 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है, इसलिए कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अगर तापमान 35 डिग्री से ऊपर चला गया तो भी पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। गेहूं की फसल अक्टूबर में बोई जाती है वहीं, कटाई अप्रैल के आसपास शुरू होती है।



## खबर संक्षेप

### खेलों में प्रदेश का नाम रोशन करें : सिंह

**चंडीगढ़।** खेल एवं वन पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संजय सिंह ने सोमवार को तेरहवें खेल मेला बरवाला पंचकूला में शिरकत की। इस दौरान मंत्री ने युवाओं आह्वान किया कि वे इससे बेहतर सेहत के साथ साथ देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने पंचकूला में आयोजित खेल मेले में युवाओं को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

### महारैली से गठबंधन को मजबूती मिली : राठी

**पंचकूला।** इंडिया गठबंधन द्वारा लोकतंत्र व संविधान बचाओ महारैली दिल्ली में हुई रैली की सफलता को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। राष्ट्रीय परिषद सदस्य व प्रवक्ता हरियाणा प्रदेश सुरेंद्र राठी ने कहा कि दिल्ली में आयोजित लोकतंत्र बचाओ महारैली इंडिया गठबंधन को मजबूती मिली है। और महारैली ने भारतीय जनता पार्टी की नींद उड़ा दी है।

### राजभवन ने मनाया ओडिशा स्थापना दिवस

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्यपाल और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित के नेतृत्व में आज चंडीगढ़ स्थित पंजाब राजभवन में राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करते हुए ओडिशा राज्य दिवस के उपलक्ष्य में विविधता में एकता की समृद्ध परंपरा का जश्न बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री बोले, दिल्ली के रामलीला मैदान में इकट्ठे हुए घमंडिया गठबंधन को पूरे देश ने देखा

# इंडी गठबंधन को देश की नहीं भ्रष्टाचारियों को बचाने की चिंता

**भ्रष्टाचार पर कांग्रेस, आप आरजेडी, सपा सहित अन्य पार्टियों को घेरा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में प्रेस कांफ्रेंस करके केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई तथा दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली करने वाले इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की पोल खोली। इंडी गठबंधन को घेरते हुए कहा कि घमंडिया गठबंधन में भ्रष्टाचार का भाईचारा निभाया जा रहा है। अपने भ्रष्टाचार को जस्टिफाई करने के लिए दिल्ली के रामलीला मैदान में इकट्ठे हुए घमंडिया गठबंधन को पूरे देश ने देखा है। सीएम सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ, मगर इंडी गठबंधन के नेता बोलते हैं कि भ्रष्टाचारी को बचाओ। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के नेता मोदी जी पर कितने ही हमले कर लें, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी रूकने वाले नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी के लिए 140 करोड़ जनता उनका परिवार है और प्रधानमंत्री मोदी अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

- देश की 140 करोड़ जनता पीएम मोदी का परिवार
- प्रधानमंत्री अपने परिवार को बचाने की लड़ाई लड़ रहे




चंडीगढ़। पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### इंडी गठबंधन, जनबंधन नहीं बल्कि ठगबंधन

मुख्यमंत्री नायब सैनी सोमवार को चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। यहां सैनी ने कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, आरजेडी, सपा, जेएमएस, डीएमके, तृणमूल और वामपंथी पार्टियों द्वारा एक के बाद एक किए गए भ्रष्टाचार और लूटपाट के मामलों की पोल मीडिया के सामने खोली। नायब सैनी ने कहा कि दिल्ली के मैदान में देश ने रविवार को घोटालेबाजों की बारात देखी, जो देश को लूटना चाहते हैं और यह भी चाहते हैं कि उनके भ्रष्टाचार पर कोई चर्चा ना हो। इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए नायब सैनी ने कहा कि ये लोग अपना हर रोज बड़े चाव से एक घोटाला करते हैं वो और यह भी चाहते हैं कि कोई एक्शन ना लिया जाए। सैनी ने कहा कि यह इंडी गठबंधन जनबंधन नहीं, बल्कि ठगबंधन है। विपक्षी गठबंधन पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी कह रही है कि यह रैली केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में हैं, जबकि कांग्रेस इसके उलट कह रही है कि यह किसी व्यक्ति के समर्थन में नहीं पूरे गठबंधन की रैली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली में तो एक दूसरे से मिल रहे हैं और पंजाब में आपस में ही लड़ रही है। जबकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने साथ चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया, बिहार में आरजेड़ी ने और कर्नाटक में उद्धव ठाकरे ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए तथा यूपी में कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहा।

### देश की जनता को गुमराह कर रहा गठबंधन : नायब

इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए सैनी ने कहा कि गठबंधन का काम यही रह गया है कि जितना हो सके लूटो और हर दिन नया झूठ बोलो। मोदी को गाली दो, देश को बदनाम करो। हिंदू धर्म को गाली दो, जमकर घोटाले करो, जांच एजेंसी जब नोटिस दें तब उसे इग्नोर करो। कार्रवाई हो तो कोर्ट पहुंचों, कोर्ट से फटकार लगे तो विक्टिम कार्ड खेलो। देश के लोकतंत्र पर खतरा बताओ, जनता को गुमराह करो, सारे चोर इक्ट्ठे हो जाओ, जोर-जोर से बोलो, छाती पीट-पीटकर बोलो, भ्रष्टाचारियों को बचाओ। श्री सैनी ने कहा कि ये सब ही इंडी गठबंधन के नेताओं के काम हैं।

### देश तोड़ने वालों को टिकट देता है गठबंधन

मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि जो भ्रष्टाचारी हैं, जो भ्रष्टाचार के मामले में या तो जेल में हैं या बेल पर हैं, वे ही भ्रष्टाचार बचाओ रैली निकाल रहे हैं। ये वो ही नेता हैं जो संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार पर चुप हैं। घमंडिया गठबंधन के नेता देश तोड़ने की बात कहने वालों को लोकसभा का टिकट देते हैं। देश की शक्ति का अपमान करते हैं, लेकिन सब चुप रहते हैं। शाहजहां सेठ जैसे अपराधी पर चुप रहते हैं, उदयनिधि, स्टालिन के सनातन विरोधी बयानों पर चुप रहते हैं। रामचरित मानस के अपमान पर चुप रहते हैं, ये अपने घोटालों पर चुप रहते हैं, लेकिन सजा पर सवाल उठाते हैं। हिंदू देवी देवताओं के अपमान पर चुप रहते हैं, झूठे आरोप लगाते हैं, लेकिन बाद में माफी मांगते हैं। पंजाब में जेल पर हमला होता है ये सभी घमंडिया गठबंधन के लोग चुप रहते हैं।

## आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करवाएं : डीजीपी



- वीसी से वरिष्ठ अधिकारियों की ली बैठक
- ड्यूटी को लेकर संशय न रखें

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की और चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कपूर ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारियों को अपने कार्यों को लेकर स्पष्टता होनी चाहिए ताकि चुनाव को शान्तिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाया जा सके।

कपूर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हरियाणा में 25 मई को लोकसभा के आम चुनाव होने जा रहे हैं जिन्हें शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाना हम सभी का उत्तरदायित्व है। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने सहित चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। कपूर ने कहा कि चुनाव से पहले तथा चुनाव के समय पुलिस विभाग में प्रत्येक स्तर के अधिकारी को अपने उत्तरदायित्वों की जानकारी होनी चाहिए ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू ढंग से चल सके। कोई भी अधिकारी चुनाव ड्यूटी को लेकर अपने मन में किसी प्रकार का संशय न रखें और उसे समय रहते दूर कर लें। उन्होंने अधिकारियों को अन्य दिशा निर्देश भी दिए।

## विधानसभा का ट्रेलर होगा लोकसभा चुनाव, तैयारी में जुटें कार्यकर्ता

- दुष्यंत चौटाला ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा

**भिवानी/चंडीगढ़।** जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि उन्होंने पांच साल हिसार का सांसद रहते हुए सदन के हर सत्र में प्रदेश हित की अनेक डिमांड रखी थी, लेकिन भिवानी-महेंद्रगढ़ से दो बार चुने गए सांसद ने 10 बार भी आपके क्षेत्र की समस्या संसद में रखी है तो बताएं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बड़ी पार्टी के सांसद आपकी समस्या को संसद में नहीं उठा सकते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बात करें तो इस समय कांग्रेस की हालत खस्ता है और उन्हें टिकट लेने वाले ही नहीं मिल रहे। रविवार को दुष्यंत चौटाला भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

चौटाला ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जितनी मेहनत हम सब मिलकर करेंगे, उतनी बड़ी जीत आपकी होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह मूवी का ट्रेलर होता है, उसी तरह लोकसभा चुनाव प्रदेश की विधानसभा का ट्रेलर है। दचौटाला ने कहा कि हम चौपाल में पार्टी की नीतियों और अब तक करवाएं गए कार्य लोगों के सामने रखेंगे।

## मेरी जिंदगी एक खुली किताब : नवीन जिंदल



- कैथल में प्रचार के दौरान बोले भाजपा नेता

**कैथल/चंडीगढ़।** उद्योगपति एवं भाजपा नेता नवीन जिंदल ने कहा है कि उनका जीवन एक खुली किताब है और लोग उन पर भरोसा करते हैं तथा उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा है। उनकी यह प्रतिक्रिया कथित कोयला घोटाले से जुड़े आरोपों पर आई। हाल में, कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए जिंदल ने रविवार को कैथल में चुनाव प्रचार किया। भाजपा ने उन्हें कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। कथित कोयला घोटाले में लोगों द्वारा उनका नाम लिए जाने के संबंध में एक सवाल के जवाब में जिंदल ने कहा कि लोगों और मीडिया को हर तरह के सवाल पूछने का अधिकार है। उन्होंने कहा, मेरा जीवन एक खुली किताब की तरह है। हम साधारण लोग हैं। मेरे पिता ने कड़ी मेहनत की। मेरे भाइयों ने भी बहुत मेहनत की और हमने कई कारखाने स्थापित किए जिनमें लाखों लोगों को रोजगार मिला है। पिछले 20 वर्षों के दौरान हमने सरकार को करोड़ों रुपये का कर जमा कराया है। जिंदल ने कहा कि हरियाणा की धरती पर जन्म लेकर हमने देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है।

## ईडी बन गया विपक्ष को कुचलने का हथियार



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य, उत्तराखंड की प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने विपक्ष और इसके नेताओं के खिलाफ ईडी को हथियार बना लिया है। ईडी के निशाने पर सिर्फ गैर भाजपाई नेताओं व मुख्यमंत्रियों को लिया जा रहा है। जो ईडी के भय से भाजपा ज्वाइन कर लेता है, उसके सभी कांड माफ कर दिए जाते हैं। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महारैली में जुटी भीड़ से साबित हो गया है कि जनता भाजपा को देश की सत्ता से चलता करने का मूड बना चुकी है। सैलजा ने कहा कि ईडी भाजपा के लिए इलेक्शन मेनेज्ड डिपार्टमेंट के तौर पर कार्य कर रही है। विपक्षी नेताओं के खिलाफ पहले केस दर्ज किए जाते हैं, फिर सरकारी एजेंसियों का भय दिखाकर उन्हें भाजपा में शामिल करा लिया जाता है।

## गांवों में सरकार के खिलाफ आक्रोश : सुशील गुप्ता



- भाजपा का दोहरा चरित्र बेनकाब

**कैथल/ चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने कैथल के पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता की। इसके बाद कलायत विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा शुरू की। उन्होंने कहा कि जब से इंडिया गंठबंधन कुरुक्षेत्र से चुनाव प्रचार में उतरा है, तब से हम कुरुक्षेत्र के गांव गांव में जा रहे हैं। सभी गांव में भाजपा के प्रति रोष देखने को मिल रहा है। कुछ लोगों ने पोस्टर लगा रखे हैं कि इस गांव में भाजपा वालों की एंट्री नहीं है। इस माहौल के देखते हुए भाजपा के नेता टिकट लेने को तैयार नहीं हैं। क्योंकि वह जानते हैं कि यदि भाजपा की टिकट ली तो उनका गांवों में घुसना मुश्किल हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि जब भाजपा को व्यक्ति चुनाव लड़ने के लिए नहीं मिल रहे थे तो भाजपा ने पैराशूट से दूसरी पार्टियों के उम्मीदवार लाकर चुनाव मैदान में उतारा।कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता भाजपा की असलियत समझ चुकी है। जनता के सामने भाजपा को दोहरा चरित्र पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक तरह से वसूली गैंग का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड की चोरी को उजागर करके देश के सामने ला दिया है। इस मौके पर गठबंधन के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## मंडियों में खरीद की व्यवस्था नहीं : ढांडा



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रदेश की अनाज मंडियों में अव्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई है, लेकिन अनाज मंडियों में इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। प्रदेश की अनाज मंडियों में न तो सफाई की गई है और न ही मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया गया है। हरियाणा सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। किसान कई कई दिन रात मंडियों में पड़े रहते हैं लेकिन सरकार की कमी और असुविधाओं के कारण उनकी फसल नहीं बिकती।उन्होंने कहा कि कई जिलों में गेहूं तुलाई व उठान के लिए भी टेंडर नहीं हुए हैं। अधिकतर जगह पर पूरे सीजन के लिए बारदाना (बोरी के कट्टे) पर्याप्त नहीं पहुंचा है। वहीं इस बीच आढ़तियों ने आढ़त बढ़ाने व बकाया भुगतान की मांग को लेकर 1 से 5 अप्रैल तक मार्केट कमेटियों के कार्यालयों के बाहर धरना देने का ऐलान किया है।

## नशे ने लिया महामारी का रूप ड्रग तस्कर युवाओं के हत्यारे

- हाईकोर्ट की नशा तस्कर पर कड़ी टिप्पणी
- जमानत याचिका की खारिज

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने नशा तस्करी से जुड़े एक मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा कि दोनों राज्यों में युवा नशे के सौदागरों के शिकार बन रहे हैं और अब इस कारोबार ने महामारी का रूप ले लिया है। एक व्यक्ति एक या दो लोगों की हत्या करता है लेकिन नशे के सौदागर पीढ़ियां बर्बाद कर रहे हैं और युवा पीढ़ी के हत्यारे हैं। आरोपित एनडीपीएस के मामले में 21 नवंबर 2023 को दर्ज एफआईआर में अग्रिम जमानत की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याची ने दलील दी थी कि उससे न तो नशीली सामग्री की रिकवरी हुई है और न ही वह मौके पर था।

## पुलिस अधिकारी का ड्यूटी से गैरमौजूद होना कदाचार : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब पुलिस के कर्मचारी की ड्यूटी से गैर मौजूदगी के चलते बर्खास्तगी के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि वर्दीधारी व्यक्ति से अनुशासन बनाए रखने की ज्यादा उम्मीद होती है और उसका ड्यूटी से गैर मौजूद रहना कदाचार का सबसे गंभीर कार्य है।याचिका दाखिल करते हुए नवांशहर निवासी बलविंदर सिंह ने हाईकोर्ट को बताया कि उसे 1993 में पंजाब पुलिस में नियुक्ति मिली थी। उसने 16 मार्च 2008 से 14 अप्रैल 2008 के बीच विदेश यात्रा के लिए छुट्टी ली थी। इसके बाद विदेश पहुंचने पर उसने छुट्टी बढ़ाने का आवेदन किया था। जब वह भारत वापिस आया तो उसे पता चला कि 29 दिसंबर 2008 को उसे 259 दिन तक बिना मंजूरी गैर मौजूद रहने के चलते बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद इस फैसले के खिलाफ उसने विभागीय अपील की जो खारिज हो गई।

## मंत्रिमंडल विस्तार को चुनौती, नोटिस

**चंडीगढ़।** हाईकोर्ट ने हरियाणा मंत्रिमंडल के विस्तार को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर केंद्र, राज्य सरकार विधान सभा सचिव व सभी शपथ लेने वाले मंत्रियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस जीएस संधावालिया व जस्टिस लुपिता बनर्जी पर आधारित खंडपीठ ने वकील जगमोहन भट्टी द्वारा दायर याचिका में सभी प्रतिवादी पक्ष को 30 अप्रैल तक जवाब दायर करने का आदेश दिया है। याचिका में आरोप लगाया गया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नियुक्ति खुद ही कानून के खिलाफ है।

## अल्केमिस्ट समूह की 29.45 करोड़ की चल और अचल संपत्ति कुर्क

**पंचकूला।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दिल्ली जोनल कार्यालय ने धन-शोधन अपराध की जांच के दौरान अल्केमिस्ट समूह की कंपनियों से संबंधित 29.45 करोड़ कीमत की चल और अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियों में एक विमान बीच किंग एयर सी-90ए, शिमला, सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) और कटनी (मध्य प्रदेश)में स्थित फ्लैट और भूमि शामिल हैं। अल्केमिस्ट समूह का नेतृत्व पूर्व राज्यसभा सदस्य (एआईटीसी) कंवरदीप सिंह द्वारा किया जाता है। ईडी ने अल्केमिस्ट रियल्टी लिमिटेड द्वारा हरियाणा के पंचकूला में पार्श्वनाथ रोयाल प्रोजेक्ट में खरीदे गए कुल 18 फ्लैटों को कुर्क किया है। वहीं हिमाचल प्रदेश के क्योंथल, शिमला ग्रामीण और सिरमौर में स्थित क्रमशः लगभग 250 बीघे और 78 बीघे की भूमि कुर्क की गई है। ईडी ने सीबीआइ, कोलकाता पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा अल्केमिस्ट ग्रुप की समूह कंपनियों और अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध दर्ज एफआइआर के आधार पर जांच शुरू की है। निवेशकों से झूठे वादे कर अर्जित की 1800 करोड़ से अधिक की राशि अर्जित करने का आरोप है।

## गांवों व शहरों में 19810 पोलिंग केंद्र बनाए जाएंगे : मुख्य सचिव

**चंडीगढ़।** प्रदेश में 25 मई को 6वें चरण में होने वाले लोकसभा के आम चुनाव के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने सोमवार हरियाणा का दौरा किया और चुनाव प्रबन्धों को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद की अध्यक्षता में चण्डीगढ़ में समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सम्बंधित विभागों के प्रशासनिक सचिव व पुलिस महानिदेशक भी उपस्थित थे। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त हिरदेश कुमार, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू व सचिव सौम्याजीत घोष मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से हरियाणा ने भारत निर्वाचन आयोग से केंद्रीय सुरक्षा बलों की 200 कम्पनियों की मांग की है जिसमें से 15 कम्पनियां आ चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 19810 पोलिंग केंद्र बनाए जाएंगे, जिनमें सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसके अलावा, सभी पोलिंग केंद्रों का सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारी दौरा कर चुके है।



## गुमशुदा / अपहृत की तलाश



सानिया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **सानिया पुत्री संजू** निवासी **विलेज अकबरपुर बरनता,सोनीपत हरियाणा**,जो दिनांक **19.03.2024** से यूनिटी मॉल,रेड लाइट,सेक्टर-**10** रोहिणी दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 135/24 dated** 22.03.2024 **थाना:प्रशांत विहार ,दिल्ली** में दर्ज है। इस लड़की का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार

**उम्र**-15वर्ष,**रंग**-गेहुँआ,**कद**-4'2",**चेहरा**-लम्बा,**शरीर**—पतला,**पहनावा**-क्रीम रंग की हूडि और ग्रे रंग की जीन्स पैंट पहनी हुई है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है अगर किसी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो थाना **प्रशांत विहार ,दिल्ली** में निम्नलिखित ई-मेल: cic/cbi.gov.in और वेबसाइट http://cbi.nic.in पर सूचित करे।

**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**
**DP/3551/RD/2024**

**हस्ता/- थानाध्यक्ष**
**थाना : प्रशांत विहार ,दिल्ली**
**फोन : 8750748484**

## गुमशुदा महिला की तलाश



मालती देवी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका नाम मालती देवी पत्नी गिरिजानंद निवासी अनाज मंडी, नरेला, दिल्ली **उम्र** : 50 साल, **कद** : 5', **चेहरा**: लम्बोतरा, **रंग** : सांवला, **शरीर**: दरमियाना, **पहचान**: दायें हाथ पर मालती गिरिजानंद लिखा हुआ है, जिसने गुलाबी रंग की साड़ी और पांव में नीले रंग की चप्पल पहने हुए है। दिनांक 10.03.2024 से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में डीडी सं. 59—ए दिनांक 14.03.2024 थाना नरेला, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:—

**ई—मेल: cic@cbi.gov.in**
**वेबसाईट: http://cbi.nic.in**
**फैक्स: 24368639,**
**दूरभाष: 24368638/24368641**

**थानाध्यक्ष : थाना नरेला, दिल्ली**
**फोन नं. 011-27282350, 27280435, 9315759395, 09728402640**

DP/3737/ON/24

## प्रकाशन

**प्रपत्र सं. 3**

**नियमन-15(1)(ए) देखें]/16(3)**

**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चण्डीगढ़ (डीआरटी-2)**

**प्रथम तल, एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चण्डीगढ़ (तृतीय और चतुर्थ तल पर आवंटित अतिरिक्त स्थल भी)**

**केस नं. : ओए/1360/2023**

**ईएक्सएच. नं. : 21385**

**[ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के तहत सम्मन।]**

**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**नरेश कुमार**

सेवा में,
(1) नरेश कुमार डी/डब्ल्यू/एस/ओ - राज पाल नरेश कुमार पुत्र राज पाल, निवासी म. नं. 17/7, ब्लॉक 84, गांव राजौंद, तहसील राजौंद, जिला कैथल (हरियाणा) पिन-136044.
कैथल, हरियाणा-136044
(2) मुकेश कुमार पुत्र राज पाल शर्मा म. नं. 17 ऑफ 7 ब्लॉक 84 गांव राजौंद, तहसील राजौंद, कैथल, हरियाणा

**सम्मन**

चूंकि, **ओए/1360/2023** माननीय पीठासीन अधिकारी/ रजिस्ट्रार के समक्ष 19.12.2023 को सूचीबद्ध किया गया था।

चूंकि यह माननीय ट्रिब्यूनल आपके विरूद्ध दायर उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 (4) (ओए) के तहत रु. 2103060.03/- की ऋण वसूली हेतु सम्मन / सूचना जारी करने के लिये संतुष्ट है (दस्तावेजों की प्रतियों इत्यादि सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के अनुसरण में आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :

(i) सम्मन की तामील के तीस दिन के अंदर कारण बताएं कि आवेदित छूट क्यों न प्रदान कर दी जाए;

(ii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों का विवरण घोषित करें;

(iii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत घोषित प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के निपटान अथवा घोषित ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों के साथ, लम्बित सुनवाई और सम्पत्तियों को संलग्न करने हेतु आवेदन के निपटान तक किसी भी प्रकार की डीलिंग से आपको निषेध किया जाता है;

(iv) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत अपने व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में जहां किन्हीं परिसम्पत्तियों में उसका प्रत्याभूत हित है को छोड़कर और/अथवा विनिर्दिष्ट अथवा घोषित अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को ट्रिब्यूनल की पूर्व अनुमति के बिना आप बिक्री, लीज अथवा अन्यथा किसी तरीके से हस्तांतरित नहीं करेंगे;

(v) आप प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों की व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के तहत बिक्री से प्राप्त बिक्री राशि हेतु खाते के प्रति देनदार होंगे और ऐसी बिक्री राशि बैंक अथवा वित्तीय संस्थानों, जिनके पास ऐसी परिसम्पत्तियों पर प्रत्याभूत हित है, द्वारा रखे गये खाते में जमा करवानी होगी।

आपको आवेदक के पास भेजी गई इसकी एक प्रति सहित लिखित बयान दायर करने का और 15.05.2024 को **पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के** समक्ष उपस्थित होने का निर्देश भी दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर आवेदन पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

**मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित दिनांक : 21.12.2023 को जारी किया गया।**

**सम्मन जारी करने के लिये प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर**

## प्रकाशन

**प्रपत्र सं. 3**

**नियमन-15(1)(ए) देखें]/16(3)**

**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चण्डीगढ़ (डीआरटी-2)**

**प्रथम तल, एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चण्डीगढ़ (तृतीय और चतुर्थ तल पर आवंटित अतिरिक्त स्थल भी)**

**केस नं. : ओए/2128/2022**

**ईएक्सएच. नं. : 21642**

**[ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के तहत सम्मन।]**

**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**राममेहर एनए**

सेवा में,
(1) राममेहरना
डी/डब्ल्यू/एस/ओ - राय सिंह
राम मेहर पुत्र राय सिंह पत्नी राम मेहर निवासी गांव सेरहदा, तहसील राजौंध, जिला कैथल, हरियाणा-136043.
वोटर आईडी नं. HWN1224930.
कैथल, हरियाणा
(2) मुकेश
पत्नी राम मेहर गांव सेरहदा, तहसील राजौंध, कैथल, हरियाणा

**सम्मन**

चूंकि, **ओए/2128/2022** माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 05.01.2024 को सूचीबद्ध किया गया था।

चूंकि यह माननीय ट्रिब्यूनल आपके विरूद्ध दायर उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 (4) (ओए) के तहत रु. 2248052/- की ऋण वसूली हेतु सम्मन / सूचना जारी करने के लिये संतुष्ट है (दस्तावेजों की प्रतियों इत्यादि सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के अनुसरण में आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :

(i) सम्मन की तामील के तीस दिन के अंदर कारण बताएं कि आवेदित छूट क्यों न प्रदान कर दी जाए;

(ii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों का विवरण घोषित करें;

(iii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत घोषित प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के निपटान अथवा घोषित ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों के साथ, लम्बित सुनवाई और सम्पत्तियों को संलग्न करने हेतु आवेदन के निपटान तक किसी भी प्रकार की डीलिंग से आपको निषेध किया जाता है;

(iv) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत अपने व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में जहां किन्हीं परिसम्पत्तियों में उसका प्रत्याभूत हित है को छोड़कर और/अथवा विनिर्दिष्ट अथवा घोषित अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को ट्रिब्यूनल की पूर्व अनुमति के बिना आप बिक्री, लीज अथवा अन्यथा किसी तरीके से हस्तांतरित नहीं करेंगे;

(v) आप प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के तहत बिक्री से प्राप्त बिक्री राशि हेतु खाते के प्रति देनदार होंगे और ऐसी बिक्री राशि बैंक अथवा वित्तीय संस्थानों, जिनके पास ऐसी परिसम्पत्तियों पर प्रत्याभूत हित है, द्वारा रखे गये खाते में जमा करवानी होगी।

आपको आवेदक के पास भेजी गई इसकी एक प्रति सहित लिखित बयान दायर करने का और 16.05.2024 को **पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के** समक्ष उपस्थित होने का निर्देश भी दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर आवेदन पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

**मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित दिनांक : 06.01.2024 को जारी किया गया।**

**सम्मन जारी करने के लिये प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर**

# हकेंवि में स्नातक पाठ्यक्रम के लिए बढ़ी आवेदन की अंतिम तिथि

### अब पांच अप्रैल तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रम में 27 फरवरी से आरंभ हुई दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) यूजी 2024 के अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रमों आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर अब पांच अप्रैल कर दी गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अध्ययन का अवसर उपलब्ध करा रहा है। इन पाठ्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ विषय की व्यावहारिक समझ और उससे जुड़े कौशल से भी अवगत कराया जाता है। यूजीसी द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यूजी पाठ्यक्रमों में दाखिले को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा को आवेदन प्रक्रिया अब पांच अप्रैल तक चलेगी।

# अप्रैल माह में छह वर्ष की उम्र न होने पर भी मिलेगा स्कूलों में दाखिला

## निजी और सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिले को लेकर शिक्षा विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इस वर्ष यदि कोई बच्चा अप्रैल माह में छह साल का नहीं हुआ है और अभिभावकों को चिंता सता रही है कि वो अपने बच्चे का दाखिला स्कूल में कैसे करवाएंगे तो, इसके लिए उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। बच्चे को अवश्य सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा में निसंकोच दाखिला मिलेगा। हालांकि यह दाखिला प्रोविजनल (अस्थायी) होगा। जब बच्चे की उम्र छह साल हो जाएगी तो उसे नियमित कर दिया जाएगा। स्कूल शिक्षा निदेशालय ने अप्रैल 2024-25 के नए शिक्षा सत्र में पहली कक्षा में दाखिला में छह माह उम्र की छूट दी है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से राहत मिलने के बाद अब जो बच्चे सितंबर 2024 में छह साल के होंगे, उन्हें भी अप्रैल के नए शिक्षा सत्र से पहली कक्षा में प्रोविजनल प्रवेश मिल जाएगा।

### दाखिला प्रोविजनल तौर पर होगा, जैसे ही उम्र छह वर्ष होगी, एमआईएस पोर्टल पर होगा अपडेट



जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

#### नई शिक्षा नीति में पहली कक्षा में उम्र 6 वर्ष निर्धारित

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चे की पहली कक्षा में प्रवेश के लिए छह वर्ष की आयु निर्धारित की गई है। छह साल से कम उम्र के बच्चों के दाखिला पर भी रोक लगा दी गई थी। मगर अब नए शिक्षा सत्र 2024-25 में विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि पहली कक्षा में प्रवेश की उम्र में छह माह की छूट का प्रावधान कर दिया है। अधिकांश बच्चों की उम्र अप्रैल के बजाय सितंबर तक छह साल की होती है। अब ऐसे बच्चों को भी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों की पहली कक्षा में दाखिला दिया जाएगा। जिन्हें छह साल का होने में अभी छह माह बाकी है। हालांकि ये दाखिला प्रोविजनल रहेगा। जैसे ही विद्यार्थी छह साल का होगा उसकी एमआईएस पोर्टल पर हाजिरी दर्ज होगी और समस्त डाटा भी अपडेट होगा।

#### पहली कक्षा में बच्चों को उम्र में छूट का प्रावधान

जिन बच्चों की अप्रैल में छह माह की उम्र नही हो रही है, उन्हें स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने नए शिक्षा सत्र में पहली कक्षा में प्रवेश को लेकर बच्चों को छह माह की छूट का प्रावधान किया है। इन बच्चों की उम्र अप्रैल 2024 के बाद जैसे ही छह वर्ष की होगी, इनके दाखिले को नियमित कर एमआईएस पोर्टल पर अपडेट कर दिया जाएगा। अभिभावक निसंकोच होकर अपने बच्चों का दाखिला स्कूलों में करवा सकते हैं।
-सुरेंद्र हुड्डा, खंड शिक्षा अधिकारी

## खबर संक्षेप

### दीवार गिरने से सफाई कर्मी की दबकर मौत

**डहीना।** सोमवार दोपहर दखोरा में नाली की सफाई करते समय दीवार गिरने से एक सफाई कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव का एक सफाई कर्मचारी धर्मेंद्र नाली की सफाई कर रहा था। बताया गया है कि नाली का पानी एक मकान की दीवार में जा रहा था, जिससे दीवार कमजोर हो गई।

### वैष्णो देवी हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर ठगी

**फतेहाबाद।** वैष्णो देवी में हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर टोहाना के एक व्यक्ति के साथ साइबर ठगों द्वारा हजारों रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। इस बारे पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी व गबन के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में रामनगर टोहाना निवासी इन्द्रजीत बत्रा ने कहा है कि वे वैष्णो देवी यात्रा पर जाते हैं। उसे हिमालयन हेली लिमिटेड के तहत 4 नकली टिकट दे दिए। इसकी एवज में उसने गुगल पे स्कैनर माध्यम से 7350 रुपये का भुगतान कर दिया।

### पुलिस ने हेरोइन के साथ व्यक्ति को किया काबू

**यमुनानगर।** बूडिया गेट जगाधरी पुलिस ने मनोहर कॉलोनी जगाधरी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15.20 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बूडिया गेट जगाधरी पुलिस चौकी में तैनात एएसआई प्रवीन कुमार ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि मनोहर कॉलोनी में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है।

### साइबर ठगी में शामिल बैंक कर्मी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस ने साइबर ठगों को बैंक अकाउंट मुहैया करवाने वाले आरबीएल बैंक कर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एक अकाउंट के खोलने के बदले साइबर ठगों से 15 से 20 हजार रुपए लेता था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। फरवरी माह में साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि जालसाजों ने उससे निवेश के नाम पर अच्छे रिटर्न का प्रलोभन दिया। इसके बाद एक ऐप के माध्यम से स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करवाकर करीब 12.5 लाख ठग लिए।

### रेवाड़ी: एडमिन ऑफिसर ने पुलिस बयान में लगाए मारपीट के आरोप

# राजनीति का अखाड़ा बना सैनिक स्कूल प्रिंसिपल सहित कई के खिलाफ केस दर्ज


■ आर्मी के संज्ञान में मामला आने के बाद गुरुग्राम भेजे कर्नल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सैनिक स्कूल में दूर-दराज के क्षेत्रों से पढ़ने के लिए लगभग पांच सौ मौजूद हैं। इस समय स्कूल पूरी तरह आंतरिक राजनीति का अखाड़ा बन चुका है। एडमिन ऑफिसर के साथ हुई मारपीट के बाद मामला आर्मी के नोटिस में भी आ चुका है। आर्मी के एक कर्नल को उच्चाधिकारियों ने गुरूग्राम के नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन एडमिन ऑफिसर से पूछताछ के लिए भेजा गया है। एडमिन ऑफिसर की शिकायत पर पुलिस ने प्राचार्य व गांव के सरपंच सहित कई लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की है। बीते शनिवार एडमिन ऑफिसर मेजर अविनाश ने ट्रॉमा सेंटर में प्राथमिक उपचार लेते हुए मीडिया के समक्ष आरोप लगाए थे कि सैनिक स्कूल के प्राचार्य ने गोठड़ा के सरपंच सहित लगभग बीस-पच्चीस ग्रामीणों को स्कूल में अनाधिकृत प्रवेश कराया। इससे पहले सीसीटीवी कैमरे हटवा दिए गए थे। मेजर ने आरोप लगाया था कि ग्रामीणों ने उनके ऑफिस में घुसकर न सिर्फ तोड़फोड़ की, बल्कि उनके और क्वार्टर मास्टर एमके पांडेय के साथ जमकर मारपीट की। उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। मेजर अविनाश ने एसपी शशांक कुमार सावन को भी शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद थाना खोल पुलिस ने प्राचार्य, गोठड़ा के सरपंच, स्कूल स्टाफ के सदस्यों सहित कई लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है। प्राचार्य बार-बार प्रयास करने के बावजूद फोन अटैंड नहीं कर रहे हैं। इससे उनका पक्ष अभी तक सामने नहीं आ सका है। फिलहाल सैनिक स्कूल आंतरिक राजनीति का ऐसा अखाड़ा साबित हो रहा है, जहां शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों पर विपरीत असर पड़ रहा है।


रेवाड़ी में अनुशासन की पाठशाला में अनुशासन हांफता
सैनिक स्कूल एडमिन ऑफिसर को जमकर पीटा और ऑफिस में तोड़फोड़
प्रशासनिक अधिकारी ने लगाए गंभीर आरोप

रेवाड़ी। 31 मार्च को प्रकाशित समाचार।


रेवाड़ी। गोठड़ा स्थित सैनिक स्कूल। फोटो: हरिभूमि

#### यौन शोषण के आरोपों से उपजा विवाद

सैनिक स्कूल में तीन नाबालिग छात्रों को मोबाइल फोन पर पोर्न सीन दिखाने और एक छात्र को शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करने के आरोप एक महिला कर्मी पर लगे थे। इसके बाद मेजर अविनाश ने प्राचार्य के खिलाफ पर थाना खोल पुलिस को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था। प्राचार्य ने आरोपी महिला कर्मी को सस्पेंड भी कर दिया था, लेकिन यह मामला इसके बाद लगातार तूल पकड़ता चला गया।

#### लोकल व बाहरी स्टाफ के बीच तनाव

एडमिन ऑफिसर मेजर अविनाश का कहना है कि वह झारखंड के रहने वाले हैं। प्राचार्य लोकल होने के कारण लोकल स्टाफ उनका खुलकर साथ दे रहा है। यह लोग स्टाफ में बाहर के लोगों के लोगों को लगातार परेशान कर रहे हैं। प्राचार्य के इशारे पर ही ग्रामीणों ने स्कूल में आकर उनके कार्यालय में तोड़फोड़ और मारपीट की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में अभी तक प्राचार्य लगातार मीडिया के सामने आने से बच रहे हैं।

#### आर्मी के सीनियर कर्नल पहुंचे अस्पताल

यह मामला अब आर्मी अफसरों के संज्ञान में आ चुका है। आर्मी डीजी के निर्देश पर सेना के सीनियर कर्नल ने गुरूग्राम में उपचाराधीन मेजर अविनाश से हालचाल जानने के बहाने मामले में विस्तृत जानकारी हासिल की। ऐसा माना जा रहा है कि सीनियर कर्नल की रिपोर्ट के आधार पर आर्मी इस मामले में जल्द आवश्यक कदम उठा सकती है। प्राचार्य के खिलाफ एक्शन लेने के लिए एयरफोर्स से सिफारिश की जा सकती है, क्योंकि प्राचार्य एयरफोर्स से ही सेवानिवृत्त हैं।

#### सरपंच ने मारपीट के आरोपों को नकारा

गोठड़ा के सरपंच सुरेंद्र सिंह एफआईआर दर्ज होने के बाद बताया कि वह स्कूल का नाम गोठड़ा के नाम पर कराने व स्कूल में हुए घटनाक्रम पर बातचीत करने के लिए प्राचार्य से अनुमति लेकर ही स्कूल में गए थे। उनके जाने के बाद एक महिला कर्मचारी हंगामा जरूर कर रही थी। सरपंच ने मारपीट के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। एसएचओ प्रहलाद सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस जांच कर रही है।

# लोन न चुका पाने से परेशान युवक ने की आत्महत्या

### सुसाइड नोट में मकान बेचकर लोन चुकाने की लिखी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी की सुंदर नगर कॉलोनी निवासी 34 वर्षीय मनोज वर्मा ने लोन न चुकाने से परेशान होकर घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसमें उसने मकान बेचकर लोन के पैसे चुकाने की बात लिखी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 174 की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। मनोज वर्मा की बूडिया चुंगी पर टाइल पत्थर की दुकान है। उसने डेढ़ वर्ष पहले ही सुंदर नगर कालोनी में दो मंजिला मकान बनाया। इसके लिए उसने बैंक से लोन लिया हुआ था। लोन के रुपये अपने काम में भी खर्च किए थे। बताया जा रहा है कि उस पर लगभग 35 लाख रुपये का कर्ज था। कुछ रुपये उसने चुका दिए थे लेकिन अब कुछ दिन से उसका काम ठीक नहीं चल रहा था। वह लोन की किस्तें नहीं चुका पा रहा था। जिससे वह परेशान था। सोमवार की दोपहर को वह घर पर आया और ऊपर बने कमरे में चला गया। इस दौरान उसकी पत्नी आशु सेक्टर 17 स्थित स्कूल में ड्यूटी पर गई हुई थी। घर पर उसकी बच्चियां थी। वह कमरे में देखने के लिए गई तो वहां पर पिता मनोज ने फंदा लगाया हुआ था। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस को मिले सुसाइड नोट में मकान बेचकर लोन के पैसे भरने की बात लिखी। इसके बाद जो पैसे बचेंगे वह उसकी पत्नी को दिए जाएं।

# विदेश भेजने के नाम पर 30 लाख की ठगी, आरोपी धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए विदेश भेजने के नाम पर 30 लाख रुपये ठगने के एक मामले की जांच इकनॉमिक सेल के एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी मल्लेवाला जिला सिरसा निवासी हरपाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भागल निवासी धर्मबीर की शिकायत अनुसार उसके बेटे विकास को वह आइलेट्स करवाकर विदेश भेजना चाहता था। उसने कई आसपास के आइलेट्स सेंटरों में विदेश भेजने बारे संपर्क किया। इस दौरान वह अपने एक दोस्त से मिला। उसके दोस्त ने एजेंट सिरसा के मल्लेवाला निवासी गुरप्रीत से मिलवाया। आरोपी गुरप्रीत ने शिकायतकर्ता को बताया कि बच्चा आइलेट्स के चक्कर में पड़ेगा तो एक साल बर्बाद हो जाएगा। बेटे को सीधा अमेरिका वीजा लगवा देगा।

### रेवाड़ी में मामूली कहासुनी में फायरिंग से हड़कंप

# बाइक से टकराई स्कूटी, आरोपियों ने पहले छात्र को पीटा, फिर रिश्तेदारों पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार दोपहर आनंद नगर में स्कूली बच्चों की स्कूटी एक बाइक से टकराने के बाद कुछ लोगों ने बच्चों व एक बुजुर्ग से मारपीट करते हुए गोली चला दी। गोली मेडिकल स्टोर के शीशे को तोड़ते हुए पार निकल गई। स्टोर संचालक के नीचे झुक जाने से वह बाल-बाल बच गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच व आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

सरकुलर रोड पर एक स्कूल में पढ़ने वाले दो बच्चे स्कूटी लेकर आनंद नगर में अपने घर की ओर जा रहे थे। सामने ट्रक आने के कारण बच्चों को बाइक दिखाई नहीं दी। उनकी स्कूटी बाइक से टकरा गई। एक बच्चे ने बताया कि बाइक पर सवार दो युवकों ने उसे थप्पड़ मारे। इसी दौरान लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। बाइक सवार युवकों ने अपने कुछ अन्य साथियों को भी बुला लिया। उनमें से एक युवक ने बुजुर्ग को थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। इसके बाद युवक ने पिस्तौल निकालकर गोली चला दी। गोली मेडिकल स्टोर के शीशे को तोड़ती हुई पार निकल गई। स्टोर संचालक नीचे झुक गया, जिससे वह गोली लगने से बच गया। गोली चलाने के बाद युवक मौके से फरार हो गए। बाजार में गोली चलने से हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच व केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। दिनदहाड़े गोली चलने की घटना से आसपास के लोगों में लोगों में रोष है।


रेवाड़ी। बुजुर्ग को थप्पड़ मारते युवक।

### बहादुरगढ़: युवक की गर्दन पर चाकू से वार

**बहादुरगढ़।** शहर में रास्ता रोककर एक युवक पर चाकू से वार कर दिया गया। हमले में युवक को काफी चोट आई। हमले की असल वजह अभी स्पष्ट नहीं है। फिलहाल पुलिस ने जटवाड़ा के एक युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शहर के निवासी तरुण ने कहा है कि वह अपने दो दोस्तों के साथ गाड़ी में सवार होकर कहीं जा रहा था। जब इंडिगो अस्पताल के पास पहुंचा तो रास्ते में अरुण नाम का एक युवक मिला। उसने इशारा देकर हमारी गाड़ी रुकवाई। गाली-गलोच करने लगा और मेरी गर्दन पर चाकू से वार किया। फिर धमकी देकर भाग गया। जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे गया। बाद साथियों ने मुझको अस्पताल में भर्ती कराया।

### बोर्ड परीक्षा में अनुचित साधन के 53 मामले दर्ज किए

# ड्यूटी में कोताही बरतने पर पर्यवेक्षक कार्यभार मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेशभर में सोमवार को सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) इतिहास व जीव विज्ञान विषय की परीक्षाएं नकल-रहित, सुव्यवस्थित व शान्तिपूर्वक ढंग से संचालित हुई। गठित उड़नदस्तों ने निरीक्षण के दौरान कुछ परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधन के कुल 53 मामले दर्ज किए।

वहीं परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एक पर्यवेक्षक कार्यभार मुक्त किया। सोमवार को प्रदेशभर में 1082 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में 1,23,918 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि उनके स्वयं के उड़नदस्ते ने जिला-सोनीपत के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया, जहां परीक्षा नकल-रहित व शान्तिपूर्वक चल रही थी। नूंह के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधन के 27 केस दर्ज किए तथा अन्य उड़नदस्तों ने अनुचित साधन के 26 मामला दर्ज किए। पानीपत द्वारा परीक्षा केन्द्र रावमा विद्यालय मांडी (पानीपत) पर नियुक्त पर्यवेक्षक राजेन्द्र सिंह, विज्ञान अध्यापक, राजकीय मिडल स्कूल पालड़ी को परीक्षा ड्यूटी में कोताही बरतने के कारण परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया गया।


खरखौदा के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव।

### 29 सितम्बर 2021 को केस दर्ज किया गया था

# लिव इन में रहने वाली महिला के हत्यारे को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अदालत ने लिव इन में रहने वाली महिला की हत्या के एक मामले में दोषी करार दिए गए मंडी आदमपुर के सुनील को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषी पर 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है।



अदालत ने उसे 22 मार्च को दोषी करार दिया था। अदालत में चले अभियोग के अनुसार आदमपुर पुलिस ने 29 सितम्बर 2021 को इन्द्रा कॉलोनी निवासी इन्द्रा की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके पांच बच्चे हैं। उसकी लड़की सुनीता की शादी पंजाब के पठानकोट के दीनानगर में हुई थी। सुनीता के पति लाला के साथ मनमुटाव होने के कारण उसकी बेटी बच्चों को लेकर उनके पास मंडी आदमपुर में रहने लगी। शिकायतकर्ता के अनुसार सुनीता अपनी मर्जी से करीब एक साल से मंडी आदमपुर की इन्द्रा कॉलोनी के सुनील के साथ लिव इन में रहने लगी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि सुनील उसकी लड़की के साथ मारपीट करता था। घटना से एक माह पहले सुनीता मां के पास आई और बताया कि वह रामलीला देखने जा रही है। इसी दौरान सुनील ने वारदात को अंजाम दे दिया।

### खंड शिक्षा अधिकारी ने जाखल के एक स्कूल को भेजा नोटिस

■ गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर शिक्षा विभाग ने शिकंजा

**जाखल।** शिक्षा के नाम पर लूट-खसोट करने वाले गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर शिक्षा विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा शहर में नई बस्ती की तरफ संचालित सरस्वती प्ले वे स्कूल में पांचवी कक्षा तक के लिए दाखिले के लिए किए जा रहे प्रचार प्रसार को लेकर ऐसे स्कूल पर कार्यवाही अमल में लाने के लिए कमर कस ली है। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त स्कूल संचालक को नोटिस जारी कर मान्यता संबंधित रिकॉर्ड दो दिन में जमा कराने के आदेश दिए हैं। वर्ना कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**मौसम** दिन और रात के तापमान में आई गिरावट, अभी परिवर्तनशील बना रहेगा मौसम

### किसानों को बरसात या ओलावृष्टि की आशंका सता रही

# प्रदेश में नरम पड़ने लगे गर्मी के तेवर बादलों ने बढ़ाई किसानों की टेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लगभग एक सप्ताह से भारी गर्मी का सामना कर रहे लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है। मौसम में बार-बार बदलाव हो रहा है। दिन और रात के तापमान में गिरावट से गर्मी का असर कम हुआ है, लेकिन आसमान में छाने वाले बादल किसानों की टेंशन बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

सप्ताह के अंत तक मौसम में बदलाव और तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहने की संभावना है। सोमवार को सुबह से ही आसमान में गहरे बादल छाए रहे। दोपहर बाद गहराए बादलों से एक बार फिर बरसात या ओलावृष्टि की आशंका बन गई, लेकिन कुछ समय बाद बादल छंट गए। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस की कम के साथ 32 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात का तापमान भी 1.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में कमी आने से सोमवार को दोपहर के समय भी मौसम अनुकूल बना रहा। लोगों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिली रही। आसमान में गहरे बादलों ने एक बार फिर किसानों के दिल की धड़कन बढ़ाने का काम कर दिया। इस समय गेहूं की कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है। किसानों को बरसात या ओलावृष्टि की आशंका सता रही है, जिससे वह समय से पहले कटाई का कार्य निपटाने में लगे हुए हैं। कई गांवों में किसानों पर ओलावृष्टि की मार पड़ चुकी है। एक बार फिर से ओलावृष्टि होती है, तो किसानों का और अधिक नुकसान हो सकता है।


रेवाड़ी। एक खेत में गेहूं की फसल। फोटो: हरिभूमि

#### कल फिर छाए रहेंगे आसमान में बादल

मौसम विभाग के अनुसार एक विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। 3 अप्रैल को एक बार फिर घने बादल छा सकते हैं। गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई जा रही है। सप्ताह के अंत में मौसम साफ होने की संभावना है। तापमान में भी उतार-चढ़ाव बना रहेगा। इस माह के दूसरे सप्ताह से तापमान तेजी से बढ़ना शुरू होगा, जिससे गर्मी लोगों के पीने छुड़ाने शुरू कर देगी।

## रिजर्व बैंक के 90 साल पूर्ण होने पर बोले मोदी

# अगले दशक में विश्वास, स्थिरता के साथ वृद्धि आरबीआई की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए

भाषा ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को वृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी और साथ ही भरोसे और स्थिरता पर भी ध्यान देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने आरबीआई के 90 साल पूरे होने के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि अगला दशक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना यह आरबीआई के लिए है, जो 2035 में अपने 100 साल पूरे करेगा। मोदी ने कहा कि आरबीआई को विश्वास और स्थिरता पर ध्यान देने के साथ ही तेज वृद्धि को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। आरबीआई का प्राथमिक लक्ष्य 2016 से मुद्रास्फीति को काबू में रखना बन गया है। अक्सर ब्याज दर में कटौती जैसे उपायों के जरिये वृद्धि पर अतिरिक्त ध्यान देने की वकालत की जाती है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी नये वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा से कुछ दिन पहले आई हैं। उन्होंने कहा कि छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने पिछले कुछ वर्षों में बहुत अच्छा काम किया है। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण और सक्रिय मूल्य निगरानी सहित सरकार के प्रयासों से भी मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिली। मोदी ने कहा कि कोविड महामारी या विभिन्न देशों में युद्धों से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद मुद्रास्फीति मध्यम स्तर पर है।



### अधिकारी नई सरकार के गठन के तुरंत बाद काम के लिए तैयार रहें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अधिकारियों से 'धमाधम' काम के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि उनके लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने के अगले ही दिन से भरपूर काम होने वाला है। प्रधानमंत्री ने आम चुनाव के बाद नई सरकार बनने का भरोसा जताते हुए कहा कि भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए और दृढ़ता तथा गंभीरता से काम शुरू होगा। आरबीआई के 90वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, "अभी 100 दिन चुनाव में व्यस्त हूं।

### भविष्य की जरूरतों के वित्तपोषण के लिए नये बैंक ढांचे के अध्ययन की जरूरत :मोदी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 90वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि बदलते परिदृश्य में 'वित्तपोषण, परिचालन और कारोबारी मॉडल' के नये तरीकों की आवश्यकता हो सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बैंक उद्योग को यह सुनिश्चित करने के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है ताकि वह देश के भविष्य की वृद्धि के लिए जरूरी परियोजनाओं की कर्ज जरूरतों को पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उद्योग के सामने कृत्रिम मेधा (एआई) और ब्लॉकचेन सहित कुछ चुनौतियां भी हैं। ये डिजिटल बैंकिंग और फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) जैसे नवोन्मेष पर बढ़ती निर्भरता के बीच बैंक, साइबर सुरक्षा की तस्वीर बदल रही हैं। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, "ऐसी स्थिति में, हमें देश के बैंकिंग क्षेत्र और इसकी संरचना में आवश्यक बदलाव के बारे में सोचने की जरूरत है।" इस मौके पर जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी, टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा सहित बैंकों के शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे।

## आरबीआई के पेशेवर प्रबंधन ने बाहरी अनिश्चितताओं से निपटने में मदद की: वित्त मंत्री सीतारमण

*मुंबई(भाषा)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पेशेवर प्रबंधन ने बाहरी असंतुलन और अनिश्चितताओं से निपटने की भारत की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया है। आरबीआई के 90वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने बैंकों की बैलेंस शीट की समस्याओं को सुधारने में केंद्रीय बैंक की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले भारत में "बैलेंस शीट की समस्या" थी, जबकि आज सरकार और आरबीआई के सहयोगात्मक प्रयास से इसमें सुधार है।*

## केवाईसी की डेडलाइन 31 मार्च को खत्म हो गई

# डेडलाइन खत्म पर इन खातों में दोबारा केवाईसी की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ एसआईपी और अन्य योजनाओं में निवेश जारी रख सकते हैं

म्यूचुअल फंड केवाईसी (केवाईसी) की डेडलाइन 31 मार्च को खत्म हो गई है, लेकिन इसके मौजूदा निवेशकों को थोड़ी राहत दी गई है। इसके तहत निवेशकों को अब अपने मौजूदा म्यूचुअल फंड खाते के लिए दोबारा केवाईसी दोबारा कराने की जरूरत नहीं है। ऐसे निवेश एसआईपी (एसआईपी) और अन्य योजनाओं में निवेश जारी रख सकते हैं।

इससे पहले कहा गया था कि सभी म्यूचुअल फंड के निवेशकों के लिए 31 मार्च से पहले नई केवाईसी अनिवार्य थी। ऐसा न करने पर खाते निष्क्रिय हो जाएगा। इसके बाद हाल ही में केवाईसी रजिस्ट्रेशन एजेंसी सीडीएसएल ने नई सूचना जारी की, जिसमें कहा गया है कि सभी निवेशकों को अपने केवाईसी रिकॉर्ड को अपडेट करने की आवश्यकता नहीं है। यह केवल उन्हीं पर लागू होगा, जिनके नए म्यूचुअल फंड खुले हैं। इसके अलावा, सीडीएसएल ने कहा है कि म्यूचुअल फंड योजना में लेनदेन करते रहने के लिए निवेशकों के साथ 31 मार्च तक नई केवाईसी कराने की बाध्यता नहीं है।

### इनके लिए जरूरी नहीं

सीडीएसएल ने कहा है कि अगर आपका केवाईसी रिकॉर्ड निर्धारित आधिकारिक वैध दस्तावेजों का उपयोग करके सत्यापित हैं और आपका मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी भी सत्यापित है, तो इस प्रक्रिया से गुजरने की कोई जरूरत नहीं है। यानी किसी निवेशक ने अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सत्यापित कर लिया है और उनके द्वारा दिया गया पता प्रमाण दस्तावेज आज की तारीख में आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेजों की सूची में है, तो उन्हें फिर से केवाईसी कराने की जरूरत नहीं है।

### ये दस्तावेज होंगे मान्य

आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेजों में आधार कार्ड, पासपोर्ट और मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य शामिल हैं। बैंक स्टेटमेंट और बिजली-पानी जैसे यूटिलिटी बिल अब केवाईसी के लिए वैध नहीं माने जाएंगे।


## COURT NOTICE

**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**In The Court of Ms. Varsha Sharma, Additional Civil Judge (Senior Division), Bahadurgarh**
Renu Rathore
*Vs.*
General Public
**CNR No. HRJRA0-000046-2019**
**Next Date : 04.04.2024**
**PUBLICATION ISSUED TO :**
**General Public :- Haryana**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 04.04.2024 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*

**Sd/- Additional Civil Judge, (Senior Division), Bahadurgarh**
Dated, this day of 30.03.2024



## अम्बाला मंडल में ट्रैक दोहरीकरण एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु, उत्तर रेलवे द्वारा राजपुरा–बठिंडा सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य के संबंध में तपा एवं रामपुरा फूल स्टेशनों पर प्री–नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु दिनांक 02.04.2024 से 30.04.2024 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक लिए जायेंगे। परिणामस्वरूप, निम्नलिखित रेलगाड़ियां निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी:

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 04548/04547 | बंठिण्डा जं–अम्बाला छावनी जं–बंठिण्डा जं स्पेशल एक्सप्रेस | 24.04.2024 to 30.04.2024 |
| 14509 | धुरी जं–बंठिण्डा जं स्पेशल एक्सप्रेस | 30.04.2024 |
| 14510 | बंठिण्डा जं–अम्बाला छावनी जं स्पेशल एक्सप्रेस | 30.04.2024 |
| 04765/04766 | धुरी जं–बंठिण्डा जं–धुरी जं स्पेशल एक्शप्रेस | 30.04.2024 |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशनों की बीच रद्द रहेगी | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 14735 श्री गंगानगर जं–अम्बाला छावनी जं. एक्सप्रेस | बंठिण्डा जं पर | बंठिण्डा जं – अम्बाला छावनी जं. | 23.04.2024 से 30.04.2024 |
| 14525 अम्बाला छावनी जं – श्री गंगानगर एक्सप्रेस | बरनाला पर | बरनाला– श्री गंगानगर | 24.04.2024 से 30.04.2024 |
| 14736 अम्बाला छावनी जं – श्री गंगानगर एक्सप्रेस | बंठिण्डा जं से | अम्बाला छावनी जं. – बंठिण्डा जं | 24.04.2024 से 01.05.2024 |
| 14526 श्री गंगानगर–अम्बाला छावनी जं. एक्सप्रेस | बरनाला से | श्री गंगानगर– बरनाला | 24.04.2024 से 30.04.2024 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (याँ) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|---|
| 12439 हुजूर साहेब नांदेड–श्री गंगानगर | जाखल जं.–मानसा–बंठिण्डा जं | 28.04.2024 |
| 12456 बीकानेर जं.–दिल्ली सराय रौहिल्ला | बंठिण्डा जं–मानसा–जाखल जं. | 24.04.2024 से 29.04.2024 |
| 12455 दिल्ली सराय–बीकानेर जं | जाखल जं.–मानसा–बंठिण्डा जं | 24.04.2024 से 29.04.2024 |
| 12485 हुजूर साहेब नांदेड–श्री गंगानगर | जाखल जं.–मानसा–बंठिण्डा जं | 25.04.2024 एवं 29.04.2024 |
| 12486 श्री गंगानगर–हुजूर साहेब नांदेड | बंठिण्डा जं–मानसा–जाखल जं. | 27.04.2024 एवं 30.04.2024 |
| 12440 श्री गंगानगर–हुजूर साहेब नांदेड | बंठिण्डा जं–मानसा–जाखल जं. | 26.04.2024 |

**दिनांक 02.04.2024 से 30.04.2024 तक रामपुरा फूल स्टेशन पर रेलगाड़ियों का ठहराव नहीं**

| वैकल्पिक ठहराव (हडियाया स्टेशन पर) रेलगाड़ी सं. एवं नाम | वैकल्पिक ठहराव (लैहरा मुहब्बत स्टेशन पर) रेलगाड़ी सं. एवं नाम |
|---|---|
| 14887 ऋषिकेश–बाड़मेर | 14888 बाड़मेर–ऋषिकेश |
| 12455 दिल्ली सराय रौहिल्ला–बीकानेर जं | 12456 बीकानेर जं – दिल्ली सराय रौहिल्ला |
| 14507 दिल्ली जं.–फाजिल्का जं. | 14508 फाजिल्का जं – दिल्ली जं |
| 14816 ऋषिकेश–श्री गंगानगर | 14815 श्री गंगानगर–ऋषिकेश |
| 04547 अम्बाला कैंट जं.–बठिण्डा जं | 04548 बठिण्डा जं – अम्बाला छावनी जं |
| 14736 अम्बाला छावनी जं–श्री गंगानगर | 14735 श्री गंगानगर–अम्बाला छावनी जं |
| 12439 हुजूर साहिब नांदेड़ – श्री गंगानगर | 12440 श्री गंगानगर – हुजूर साहेब नांदेड़ |
| 12485 हुजूर साहेब नांदेड – श्री गंगानगर | 12486 श्री गंगानगर – हुजूर साहेब नांदेड |
| 14525 अम्बाला छावनी जं–श्री गंगानगर | 14526 श्री गंगानगर–अम्बाला छावनी जं. |
| 14509 धूरी जं.–बठिण्डा जं. | 14510 बठिण्डा जं–अम्बाला छावनी जं. |
| 04765 धूरी जं.–बठिण्डा जं. | 04766 बठिण्डा जं–धूरी जं |

**दिनांक 02.04.2024 से 30.04.2024 तक तपा स्टेशन पर रेलगाड़ियों का ठहराव नहीं**

| वैकल्पिक ठहराव (हडियाया स्टेशन पर) रेलगाड़ी सं. एवं नाम | वैकल्पिक ठहराव (लैहरा मुहब्बत स्टेशन पर) रेलगाड़ी सं. एवं नाम |
|---|---|
| 14507 दिल्ली जं.–फाजिल्का जं | 14508 फाजिल्का जं – दिल्ली जं |
| 14816 ऋषिकेश–श्री गंगानगर | 14815 श्री गंगानगर–ऋषिकेश |
| 14509 धूरी जं.–बठिण्डा जं | 14510 बठिंडा जं – अंबाला छावनी जं |
| 04765 धूरी जं.–बठिण्डा जं | 04766 बठिंडा जं.–धूरी जं |
| 14736 अम्बाला छावनी जं–श्री गंगानगर | 14735 श्री गंगानगर–अम्बाला छावनी जं |
| 04547 अम्बाला छावनी जं.–बठिण्डा जं | 04548 बठिंडा जं – अंबाला छावनी जं. |
| 14525 अम्बाला छावनी जं–श्री गंगानगर | 14526 श्री गंगानगर – अंबाला छावनी जं. |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 • रेलमदद वेबसाइट: www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें



**प्रपत्र सं. 3**
**नियमन–15(1)(ए) देखें]/16(3)**
**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चण्डीगढ़ (डीआरटी–2)**
प्रथम तल, एससीओ 33-34-35, सेक्टर–17 ए, चण्डीगढ़ (तृतीय और चतुर्थ तल पर आवंटित अतिरिक्त स्थल भी)
केस नं. : ओए/1054/2023
ईएक्सएच. नं. : 21727
[ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के तहत सम्मन।]
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**मै. मनी राम राजेश कुमार गर्ग**

सेवा में,
(1) **मै. मनी राम राजेश कुमार गर्ग**
डी/डब्ल्यू/एस/ओ – राकेश कुमार, मै. मनी राम राजेश कुमार, इसके प्रोपराइटर शॉप नं. 104, नई अनाज मण्डी, जिला कैथल, हरियाणा–136027.
कैथल, हरियाणा–136027.
(2) **राकेश कुमार गर्ग** पुत्र श्री मनी राम गर्ग प्रोप. मै. मनी राम राजेश कुमार, मकान नं. 435, सेक्टर–20, हुडा कैथल
कैथल, हरियाणा
(3) **अंजु बाला**
पत्नी श्री राजेश कुमार, मकान नं. 435, सेक्टर–20, हुडा कैथल, कैथल, हरियाणा
**पर भी** :- शॉप नं. 104, नई अनाज मण्डी, जिला कैथल, कैथल, हरियाणा।
(4) **शिवानी**
पत्नी श्री राकेश कुमार गर्ग, मकान नं. 435, सेक्टर–20, हुडा कैथल, हरियाणा
**पर भी** :- शॉप नं. 104, नई अनाज मण्डी, जिला कैथल, कैथल, हरियाणा।

**सम्मन**

चूंकि, **ओए/1054/2023** माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 09.01.2024 को सूचीबद्ध किया गया था।

चूंकि यह माननीय ट्रिब्यूनल आपके विरूद्ध दायर उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 (4) (ओए) के तहत रु. 3044461.62/- की ऋण वसूली हेतु सम्मन / सूचना जारी करने के लिये संतुष्ट है (दस्तावेजों की प्रतियों इत्यादि सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के अनुसरण में आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :

(i) सम्मन की तामील के तीस दिन के अंदर कारण बताएं कि आवेदित छूट क्यों न प्रदान कर दी जाए;

(ii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों का विवरण घोषित करें;

(iii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत घोषित प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के निपटान अथवा घोषित ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों के साथ, लम्बित सुनवाई और सम्पत्तियों को संलग्न करने हेतु आवेदन के निपटान तक किसी भी प्रकार की डीलिंग से आपको निषेध किया जाता है;

(iv) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत अपने व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में जहां किन्हीं परिसम्पत्तियों में उसका प्रत्याभूत हित है को छोड़कर और/अथवा विनिर्दिष्ट अथवा घोषित अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को ट्रिब्यूनल की पूर्व अनुमति के बिना आप बिक्री, लीज अथवा अन्यथा किसी तरीके से हस्तांतरित नहीं करेंगे;

(v) आप प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के तहत बिक्री से प्राप्त बिक्री राशि हेतु खाते के प्रति देनदार होंगे और ऐसी बिक्री राशि बैंक अथवा वित्तीय संस्थानों, जिनके पास ऐसी परिसम्पत्तियों पर प्रत्याभूत हित है, द्वारा रखे गये खाते में जमा करवानी होगी।

आपको आवेदक के पास भेजी गई इसकी एक प्रति सहित लिखित बयान दायर करने का और **14.05.2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार** के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश भी दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर आवेदन पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

**मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित दिनांक : 11.01.2024 को जारी किया गया।**

**सम्मन जारी करने के लिये प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर**


# सोना 68,420 रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,070 रुपये के उछाल के साथ 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,120 रुपये की तेजी के साथ 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,450 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



■ सोने में 1070 रुपए का उछाल
■ चांदी में भी 1120 रुपए की तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, 'सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के करीब पहुंच रहा है जिससे सराफा कीमतों में बढ़ोतरी को रफ्तार मिल रही है।' 'इसके अतिरिक्त चीन की मजबूत मांग भी सोने की कीमतों में वृद्धि का कारण बन रही है।

# नये वित्त वर्ष के पहले दिन शेयर बाजार की मजबूत शुरूआत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को नये वित्त वर्ष के पहले दिन की शुरुआत मजबूत रही और बीएसई सेंसेक्स 363 अंक के लाभ में रहा। कारोबार के दौरान एक समय दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये थे। एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख तथा विदेशी पूंजी प्रवाह के साथ घरेलू बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 363.20 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,014.55 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 135.10 अंक की बढ़त के साथ 22,462 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'नये वित्त वर्ष के पहले दिन घरेलू बाजार की शुरुआत अच्छी रही। इस बात के संकेत हैं कि निकट भविष्य में गति अनुकूल बनी रहेगी। इस भरोसे को वैश्विक बाजारों में तेजी से समर्थन मिला। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के जून में नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वैश्विक बाजारों में तेजी रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में, जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में बृहस्पतिवार को मिला-जुला रुख रहा।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

### ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
**दीपक शास्त्री**
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59
8586896357


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5469



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

### शब्द पहेली- 5468 का हल



## सूडोकु नवताल- 5480

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल- 5479 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 3 | 1 | 2 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
181 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### ऋषभ पंत पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**विशाखापट्टनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।

### नागल ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग 95 हासिल की

**लंदन।** शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। नागल की इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 97 थी। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी। नागल ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बना कर सुर्खियां बटोरी थी। वह इस प्रतियोगिता में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे। चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने एटीपी 500 प्रतियोगिता (दुबई चैम्पियनशिप) और एटीपी 1000 मास्टर्स (इंडियन वेल्स और मियामी) के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले। इस दौरान हालांकि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बेंगलुरु चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा।

### अभ्यास के बाद भी राहुल की भूमिका पर संशय

**बेंगलुरु।** लोकेश राहुल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच से पहले सोमवार को यहां नेट और फिटनेस अभ्यास में भाग लिया लेकिन लखनऊ सुपरजायंट्स ने मंगलवार को खेले जाने वाले मैच में उनकी भूमिका का खुलासा नहीं किया। पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ की टीम ने राहुल का इस्तेमाल इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर किया था, जिसके बाद उनकी फिटनेस को लेकर सवाल उठे थे। टीम इस मैच में निकोलस पूरन की अगुवाई में मैदान में उतरी थी और उसने मैच को 21 रन से अपने नाम किया था।

### कौजियर को हराकर आडवाणी ने सीसीसी बिलियर्ड खिताब को बरकरार रखा

**मुंबई।** विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां एकतरफा फाइनल में इंग्लैंड के डेविड कौजियर को 1836-743 से हराकर अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब का बचाव किया। सीसीआई के विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में खेले गए चार घंटे के फाइनल मुकाबले में शानदार लय में चल रहे आडवाणी ने 10 बार के पूर्व विश्व चैंपियन कौजियर के खिलाफ 801 और 460 के दो बड़े ब्रेक बनाये। मुकाबले के शुरुआती दो घंटे के सत्र के बाद आडवाणी के पास 593-570 की मामूली बढ़त थी।

# मैनचेस्टर सिटी-आर्सेनल का मैच ड्रॉ



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच गोल रहित ड्रा छूटने से लिवरपूल इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ में सबसे आगे हो गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्राइटन को 2-1 से हराया। इससे उसके 29 मैच में 67 अंक हो गए हैं तथा वह दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल से दो अंक और तीसरे नंबर की टीम मैनचेस्टर सिटी से तीन अंक आगे है। इस प्रतियोगिता में अभी नौ दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

# मैड्रिड की बार्सिलोना पर आठ अंक की बढ़त



**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर की अनुपस्थिति में रोड्रिगो ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए दो गोल किए। इससे रियल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने कट्टर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना पर आठ अंक की बढ़त बरकरार रखी। वीनीसियस जूनियर पीले कार्ड मिलने के कारण एक मैच का निलंबन झेल रहे थे लेकिन रोड्रिगो ने उनकी कमी नहीं खलने दी। बार्सिलोना ने एक अन्य मैच में लास पामास को 1-0 से पराजित किया। रियल मैड्रिड की यह लगातार तीसरी जीत है, जिससे उसके 30 मैच में 75 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना 30 मैच में 67 अंक लेकर दूसरे जबकि गिरोना 30 मैच में 65 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

# चहल-बोल्ट चमके, रॉयल्स ने मुंबई को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की

## राजस्थान ने 6 विकेट से हराया, बोल्ट-चहल को 3-3 विकेट, पराग की फिफ्टी

भाषा ▶▶ मुंबई



लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की धारदार गेंदबाजी के बाद रियान पराग के नाबाद अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को छह विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मुंबई के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने पराग (39 गेंद में नाबाद 54 रन, पांच चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक से 15.3 ओवर में ही चार विकेट पर 127 रन बनाकर जीत दर्ज की। आकाश मधवाल ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन मुंबई को हार से नहीं बचा पाए। इससे पहले चहल (11 रन पर तीन विकेट) और बोल्ट (22 रन पर तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। इन दोनों के अलावा टिम डेविड (17) और सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे जबकि अंतिम चार ओवर में टीम 14 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पहले ओवर में ही यशस्वी जायसवाल (10) का विकेट गंवा दिया। जायसवाल ने क्वेना मफाका पर लगातार दो चौके मारे लेकिन फिर इसी ओवर में कवर में डेविड को कैच दे बैठे। हार्दिक ने मफाका के साथ गेंदबाजी की शुरुआत इस बार भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ की। जोस बटलर पर मफाका पर चौके से खाता खोला जबकि कप्तान संजू सैमसन (12) ने इस तेज गेंदबाज पर लगातार दो चौकों के साथ आगाज किया। इन दोनों ने बुमराह पर भी चौके मारे। सैमसन हालांकि मधवाल की दूसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 46 रन बनाए। मधवाल ने बटलर को डीप फाइन लेग पर पीयूष चावला के हाथों कैच कराके रॉयल्स को तीसरा झटका दिया। उन्होंने 13 रन बनाए। रॉयल्स ने एक बार फिर रविचंद्रन अश्विन (16) को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा। पराग ने गेराल्ड कोएट्ज़ी पर लगातार दो चौके मारे। रॉयल्स ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 73 रन बनाए।

### मुंबई-125/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| इशान का सैमसन बो बर्गर | 16 |
| रोहित का सैमसन बो बोल्ट | 00 |
| नमन धीर पगबधा बो बोल्ट | 00 |
| ब्रेविस का बर्गर बो बोल्ट | 00 |
| तिलक का अश्विन बो चहल | 32 |
| हार्दिक का स्थानापन्न बो चहल | 34 |
| चावला का हेटमायर बो आवेश | 03 |
| टिम डेविड का बोल्ट बो बर्गर | 17 |
| गेराल्ड को हेटमायर बो चहल | 04 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 08 |
| आकाश मधवाल | 04 |

अतिरिक्त: 07
कुल:20 ओवर में नौ विकेट पर: 125 रन
विकेट पतन: 1-1, 2-1, 3-14, 4-20, 5-76, 6-83, 7-95, 8-111, 9-114
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-22-3, बर्गर 4-0-32-2, आवेश 4-0-30-1, चहल 4-0-11-3, अश्विन 4-0-27-0

### राजस्थान-127/4 (15.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का डेविड बो मफाका | 10 |
| बटलर का चावला बो मधवाल | 13 |
| संजू सैमसन बो मधवाल | 12 |
| रियान पराग नाबाद | 54 |
| अश्विन का वर्मा बो मधवाल | 16 |
| शिवम दुबे नाबाद | 08 |

अतिरिक्त: 14
कुल: 15.3 ओवर में चार विकेट पर: 127 रन
विकेट पतन: 1-10, 2-42, 3-48, 4-88
गेंदबाजी: मफाका 2-0-23-1, बुमराह 4-0-26-0, मधवाल 4-0-20-3, कोएट्ज़ी 2.3-0-36-0, चावला 3-0-18-0

खास खबर

## श्रीलंका लड़खड़ाया पर अब भी मजबूत, बांग्लादेश 178 पर ढेर



**चटगांव।** बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन सोमवार को श्रीलंका अपनी दूसरी पारी में 102 रन के अंदर छह विकेट गंवाने के बावजूद बेहद मजबूत स्थिति में है। श्रीलंका ने बांग्लादेश की पहली पारी को 178 रन पर समेट कर 353 रन की बढ़त हासिल की थी। दिन का खेल खत्म होते समय अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज 39 जबकि प्रभात जयसूर्या तीन रन बनाकर नाबाद थे। श्रीलंका की कुल बढ़त 455 रन की हो गई है और दो दिन का खेल बचा हुआ है। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर एक विकेट पर 55 रन से आगे से की लेकिन तेज गेंदबाज असिता फर्नांडो ने 34 रन देकर चार विकेट झटके जिससे घरेलू टीम लगातार तीसरी बार 200 रन से कम के स्कोर पर आउट हो गई।

### हॉकी शिविर के लिए चुनी 60 सदस्यीय टीम

**बेंगलुरु।** गोलकीपर सविता पूनिया और फारवर्ड वंदना कटारिया जैसी अनुभवी खिलाड़ियों सहित 60 खिलाड़ी सोमवार से यहां शुरू हुए सात दिन के मूल्यांकन शिविर में भाग ले रहे हैं। इस शिविर के बाद ट्रायल्स होंगे जिसके आधार पर राष्ट्रीय टीम के लिए 33 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस मूल्यांकन शिविर का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर में किया जा रहा है। भविष्य के कोचिंग शिविर और अंतरराष्ट्रीय दौरों के लिए संभावित खिलाड़ियों की संख्या 33 करने के लिए 6 और 7 अप्रैल को ट्रायल्स का आयोजन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ ने सोमवार को यहां इसकी घोषणा की। एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 (ओपन), ई फुटबॉल (ओपन) और काउंटर-स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल-एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में पहली बार प्रत्येक गेम और श्रेणी में शीर्ष आठ टीमों के बीच 10 लाख अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि बांटी जाएगी।

# 17 अप्रैल को रॉयल्स-केकेआर के मैच का बदल सकता है कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶ कोलकाता




कोलकाता नाइट राइडर्स के 17 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू आईपीएल मैच के कार्यक्रम में बदलाव लगभग तय है। स्थानीय पुलिस ने उस दिन रामनवमी समारोह के कारण पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई है। बंगाल क्रिकेट संघ ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड को यह जानकारी दी है।

सात चरण के आम चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को बंगाल में भी मतदान होना है। कोलकाता में मतदान एक जून को होगा। कोलकाता पुलिस ने कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली को लिखे पत्र में कहा, 'मैच रामनवमी के दिन पड़ रहा है और चुनाव के लिए भी सुरक्षाकर्मियों को तैनान किया गया है। इसलिए 17 अप्रैल को मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करना हमारे लिए संभव नहीं होगा।' कैब ने सुझाव दिया है कि मैच को या तो एक दिन पहले कर दिया जाए या 24 घंटे आगे बढ़ाकर 18 अप्रैल को किया जाए।

### नामधारी ने आइजोल को बराबरी पर रोका

***श्री भैनी साहिब।*** *नामधारी एफसी ने आखिरी मिनटों में गोल कर सोमवार को यहां आई-लीग फुटबॉल मैच में आइजोल एफसी को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। सभी भारतीय खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतरी आइजोल ने 40वें मिनट में 21 वर्षीय आर रामदीनथारा के सत्र के तीसरे लीग गोल की बदौलत बढ़त बना ली। टीम लंबे समय तक यह बढ़त बनाए रखने में सफल रही लेकिन स्पेन के स्ट्राइकर इवान गैरिडो ने मैच के 85वें मिनट में गोल कर नामधारी एफसी की वापसी करायी। गैरिडो ने लगातार दूसरे मैच में टीम के लिए गोल किया।*

## अस्थाना बनीं राष्ट्रीय इवेंटिंग चैंपियन




**नई दिल्ली।** स्थवी अस्थाना ने घुड़सवारी राष्ट्रीय इवेंटिंग चैंपियनशिप में सोमवार को यहां व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। स्थवी का यह दो चरण वाले राष्ट्रीय चैंपियनशिप में दूसरा पोडियम (शीर्ष तीन रहना) स्थान है। वह इसके शुरुआती चरण में तीसरे स्थान पर रही थी। स्थवी को 'जंप' और 'शो जंपिंग' वर्ग में चार-चार पेनल्टी अंक मिले जबकि ड्रेसेज और क्रास कंट्री में उन्होंने कोई अंक नहीं गंवाया। वह कुल 36.9 अंक के साथ विजेता बनी।

अभी तक प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स

# लखनऊ के खिलाफ आरसीबी का मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम। लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। आरसीबी की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है।

पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है। फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम करके नहीं आंका जा सकता है लेकिन उसके खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है। आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शीर्ष और मध्यक्रम के इन बल्लेबाजों की असफलता के कारण आरसीबी को अभी तक निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों दिनेश कार्तिक, अनुज रावत और महिपाल लोमरोर पर निर्भर रहना पड़ा है। पाटीदार की खराब फॉर्म जारी है और आरसीबी उनको विश्राम देकर सुयस प्रभुदेसाई जैसे खिलाड़ियों को मौका दे सकता है।

### राहुल की फिटनेस पर नजर

लखनऊ की अपने कप्तान केएल राहुल की फिटनेस को लेकर चिंता बनी हुई है जिनका उपयोग अभी वह इंपैक्ट सब्सीट्यूट के रूप में कर रहा है। उनकी अनुपस्थिति में निकोलस पूरन कप्तानी का जिम्मा संभाल रहे हैं। यह देखना होगा कि लखनऊ राहुल का उपयोग इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही करता है या फिर वह कप्तान, विकेटकीपर और बल्लेबाज की तीनों भूमिकाओं में वापसी करेंगे। यह लखनऊ ही नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट के लिए भी अच्छी खबर है कि तेज गेंदबाज मयंक यादव 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे हैं। वह चिन्नास्वामी स्टेडियम में भी अपनी रफ्तार का जादू दिखाने के लिए तैयार होंगे।

# बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों की 16 को बुलाई बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने 16 अप्रैल को अहमदाबाद में अनौपचारिक बैठक के लिए 10 आईपीएल टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया है जिसमें फ्रेंचाइजी के लिए नीलामी राशि में संभावित बढ़ोतरी और खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने पर चर्चा हो सकती है। यह बैठक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच से इतर होगी।

बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा, 'आईपीएल टीम मालिकों को अनौपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं है। आईपीएल अपने दूसरे महीने में होगा, इसलिए यह सभी हितधारकों के लिए एक साथ आने का अच्छा समय होगा।' इस दौरान इस साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी को लेकर संभावित चर्चा हो सकती है। इसमें खिलाड़ियों को अपनी टीम के साथ जोड़े रखने और नीलामी रकम में संभावित वृद्धि के मुद्दे पर बातचीत हो सकती है। फिलहाल टीमें खिलाड़ियों पर 100 करोड़ रुपये खर्च कर सकती हैं। बैठक में बीसीसीआई सचिव जय शाह, अध्यक्ष रोजर बिन्नी और आईपीएल चेयरमैन शामिल होंगे।

## चिंतन

# बैंकिंग सेक्टर में पांचवीं पीढ़ी के सुधार की जरूरत

भारत की विकास यात्रा अनवरत जारी रहे, इसके लिए सरकार की प्रगतिशील व नवाचारी आर्थिक नीतियों के साथ मजबूत बैंकिंग व्यवस्था भी जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक का बैंकिंग नियमन और भारतीय बैंकिंग सिस्टम यूं तो विश्व की बेहतर बैंकिंग व्यवस्थाओं में से एक है, इसके बावजूद इसमें उत्तरोत्तर सुधार की जरूरत बनी रहती है। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। इसमें पीएसयू बैंकों की भूमिका अहम होगी। जहां वित्तीय क्षेत्र में उभरते बदलावों के साथ नये बैंक ढांचे की जरूरत है, वहीं मौजूदा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की भी। बदलते परिदृश्य में 'वित्तपोषण, परिचालन और कारोबारी मॉडल' के नए तरीकों की आवश्यकता होगी। उद्योग के सामने कृत्रिम मेधा (एआई) और ब्लॉकचेन की चुनौतियां भी हैं। ये डिजिटल बैंकिंग और फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) जैसे नवोन्मेष पर बढ़ती निर्भरता के बीच बैंक, साइबर सुरक्षा की तस्वीर बदल रही हैं। ऐसी स्थिति में, हमें बैंकिंग की संरचना में आवश्यक बदलाव के बारे में सोचने की जरूरत है। आरबीआई का प्राथमिक लक्ष्य 2016 से मुद्रास्फीति को काबू में रखना बन गया है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी नए वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा से कुछ दिन पहले आई हैं। रिजर्व बैंक को मौद्रिक उपायों के लिए नीतिगत ब्याज दरों के फार्मूले से बाहर भी देखना होगा। भारतीय बैंकिंग सिस्टम पहली पीढ़ी की बैंकिंग से चौथी पीढ़ी की बैंकिंग व्यवस्था की यात्रा कर चुकी है। स्वतंत्रता-पूर्व अवधि (1947 तक) पहली पीढ़ी की बैंकिंग के दौरान छोटे और स्थानीय बैंकों ने जन्म लिया। 1947-1967 तक दूसरी पीढ़ी की बैंकिंग का दौर चला। 1967-1991 तक तीसरी पीढ़ी की बैंकिंग निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण का काल था। भारत ने क्लास बैंकिंग से मास बैंकिंग की तरफ कदम बढ़ाया। 1991-2014 तक चौथी पीढ़ी की बैंकिंग के दौरान अनेक ऐतिहासिक सुधार हुए। निजी एवं विदेशी बैंकों को नए लाइसेंस जारी किए गए। वर्तमान में वर्ष 2014 के बाद से, बैंकिंग क्षेत्र ने जेएएम (जन-धन, आधार और मोबाइल) को अपनाने और भुगतान बैंकों तथा लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस जारी करने जैसे कार्यों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। अब पांचवीं पीढ़ी की बैंकिंग की जरूरत है। 1991 में आई नरसिम्हम समिति की रिपोर्ट में घरेलू व निजी बैंक के साथ तीन से चार बिग वाणिज्यिक बैंक की सिफारिश की गई थी। सरकार ने कुछ बैंकों का विलय कर दिया है। डीएफआई व बैड बैंक की स्थापना की दिशा में कदम उठाए हैं। अब विशिष्ट बैंकिंग की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। ये विशेष बैंक, आरएएम (रिटेल, एग्रीकल्चर, एमएसएमईज) जैसे क्षेत्रों में अनिवार्य वित्त की पहुंच को आसान बनाएंगे। डिजिटल बैंकिंग के अगले चरण ब्लॉकचेन बैंकिंग अपनाने की जरूरत है। इसके लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी को लागू करना पड़ेगा। बैंकिंग में एनपीए पर नियंत्रण के साथ कर्ज जोखिम को कम करना होगा। भारतीय बैंकिंग को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक ज़िम्मेदारी और गवर्नेंस) फ्रेमवर्क का भी पालन करना चाहिए। एक गतिशील अर्थव्यवस्था में जिम्मेदार बैंकिंग प्रणाली स्थापित करना आवश्यक है। रिजर्व बैंक को इन चीजों पर ध्यान देना चाहिए।



# चीनियों के खिलाफ बलोचों का विद्रोह

पाकिस्तान
प्रभात कुमार रॉय

**वैश्विक राजनीति के विशेषज्ञों के मुताबिक बलूचिस्तान में जंग-ए-आजादी की अग्नि इस कदर प्रज्वलित हो चुकी है कि बारूद के ढेर पर बैठे हुए पाकिस्तान का यह विद्रोही प्रांत कभी भी जबरदस्त विस्फोट कर सकता है। बलोच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान के आधिपत्य से बलूचिस्तान आजाद कराने का लौह संकल्प लिया है। इसी प्रबल संकल्प के तहत बलोच लिबरेशन आर्मी पाकिस्तानी सेना के विरुद्ध गोरिल्ला युद्ध विगत 15 वर्ष से निरंतर लड़ रही है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का आत्मघाती दस्ता मजीद ब्रिगेड सुर्खियों में है। क्योंकि उसने ग्वादर पोर्ट के पास एक बार फिर से चीनी इंजीनियरों के कॉनवाय पर आत्मघाती आक्रमण किया।**

विश्व पटल पर एक बार फिर से बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का आत्मघाती दस्ता मजीद ब्रिगेड सुर्खियों में है। क्योंकि हाल में उसने पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट के पास कोल्वा कस्बे में घात लगाकर एक बार फिर से चीनी इंजीनियरों के कॉनवाय पर आत्मघाती आक्रमण अंजाम दिया। इस आत्मघाती हमले में पांच चीनी इंजीनियरों को हलाक कर दिया गया। इस हमले की जिम्मेदारी बलोच लिबरेशन आर्मी के आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड ने ली। इस हमले को आतंकवादी आक्रमण का करार देकर खारिज नहीं किया जा सकता। इस बलोच हमले ने पाकिस्तान के स्वयं के और अपने मुल्क में चीन के नागरिकों की सुरक्षा पर प्रबल सवालिया निशान लगा दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 से ग्वादर पोर्ट पर पाकिस्तान और चीन की इकोनामिक कॉरिडोर परियोजना के तहत चीन की हुकूमत तकरीबन 62 मिलियन डालर की विशाल धनराशि का निवेश कर रही है। चीन की हुकूमत ने अपने नागरिकों की और अपने आर्थिक निवेश की हिफाजत पर निरंतर जोर दिया है। आर्थिक तौर पर एकदम कंगाल हो चुके पाकिस्तान को इस चीन के आर्थिक निवेश की जबरदस्त दरकार है। चीन के इंजीनियरों के ऊपर अंजाम दिया गया यह आत्मघाती आक्रमण शाहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री पद संभाल लेने के चंद हफ्तों के भीतर हुआ है। पाकिस्तान में उग्रवाद के विशेषज्ञ और स्वतंत्र विश्लेषक फाखर काकाखेल के मुताबिक प्रतीकात्मक रूप से हमला अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके अनुसार इस हमले से बलोच लिबरेशन आर्मी विश्वव्यापी तौर पर सुर्खियों में आ गई है और बलोच विद्रोही वस्तुतः यही चाहते थे। बलोच विद्रोही सारी दुनिया को यह पैगाम देना चाहते थे कि कड़े सुरक्षा इंतजामों के बावजूद वह अपनी आक्रामक रणनीति में कामयाब रहे। यह हमला ग्वादर इलाके के हाई सिक्युरिटी जोन में अंजाम दिया गया।

वैश्विक राजनीति के विशेषज्ञों के मुताबिक बलूचिस्तान में जंग-ए-आजादी की अग्नि इस कदर प्रज्वलित हो चुकी है कि बारूद के ढेर पर बैठे हुए पाकिस्तान का यह विद्रोही प्रांत कभी भी जबरदस्त विद्रोही विस्फोट कर सकता है। बलोच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान के आधिपत्य से बलूचिस्तान आजाद कराने का लौह संकल्प लिया है। इसी प्रबल संकल्प के तहत बलोच लिबरेशन आर्मी पाकिस्तानी सेना के विरुद्ध गोरिल्ला युद्ध विगत 15 वर्ष से निरंतर लड़ रही है। बलोच लिबरेशन आर्मी का सशस्त्र संघर्ष अधिकतर पहाड़ी इलाकों में रहा है, जबकि उसका आत्मघाती दस्ता मजीद ब्रिगेड शहरी इलाकों में भी हमले कर चीनी इंजीनियरों और पाकिस्तानी फौज को अपना निशाना बनाता रहा है। इसमें कराची और ग्वादर में अंजाम दिए गए आत्मघाती हमले भी शामिल हैं। बलूचिस्तान पाक का प्रांत है।

वर्ष 1973 में बलोच लिबरेशन फ्रंट की बुनियाद ईरान में रखी गई थी। बलोच कबीला पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के इलाकों में सदियों से निवास करता है। बलूचिस्तान क्षेत्रफल की दृष्टि से पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है जो कि पाकिस्तान के संपूर्ण क्षेत्रफल का तकरीबन 40 फ़ीसदी हिस्सा है।



बलूचिस्तान एक करोड़ आबादी वाला प्रांत है। पाक के बलूचिस्तान प्रांत की सरहद अफगानिस्तान और ईरान से मिलती है। बलूचिस्तान प्रांत तेल, कोयला, सोना, तांबा और गैस के भंडारों के साथ प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। लेकिन दुर्भाग्य से यह पाकिस्तान का सबसे गरीब व सबसे पिछड़ा हुआ प्रांत है।

बलोच लिबरेशन फ्रंट एक स्वाधीन बलूचिस्तान के निर्माण के लिए विगत 50 वर्षों से संघर्षरत है। ब्रिटिश शासन के साम्राज्यवादी दौर से ही नेपाल और भूटान की तरह से बलूचिस्तान स्वायत्तशासी और स्वाधीन इलाका था। जिसका शासक नवाब मीर खान था, जिसे कलात सरदार भी कहा जाता था। भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के तत्पश्चात निर्मित किए गए पाकिस्तान के प्रथम राष्ट्रपति मोहम्मद अली जिन्ना ने भी प्रारम्भ में बलूचिस्तान को एक स्वायत्तशासी और स्वाधीन इलाके के तौर पर स्वीकार किया था, किंतु बाद में वर्ष 1948 में मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा पाक फौज भेज कर नवाब मीर खान को अगवा करा लिया गया और कराची में फौजी बंदूक के साए में मीर खान से जबरन बलूचिस्तान का पाक में विलय करने के दस्तावेज पर दस्तखत करा लिए गए।

वस्तुतः बलूचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह की शुरुआत 1948 से ही नवाब नौरोज खान के नेतृत्व में हो गई थी। यह बलोच बगावत तकरीबन एक दशक तक जारी रही और अंततः जनरल अयूब खान की फौज द्वारा इसे कुचल दिया गया। 1971 में बांग्लादेश की आजादी से प्रेरित होकर बलोच बागियों ने फिर से सरदार अकबर खान बुगती की कयादत में सशस्त्र संघर्ष शुरू किया। वर्ष 2006 में पाक फौज द्वारा सर्वोच्च बलोच लीडर अकबर खान बुगती की हत्या की गई थी। उसके पश्चात बलोच बगावत और अधिक तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बलोच के संघर्ष को लाल किला के प्राचीर से भारत का नैतिक समर्थन प्रदान किया गया।

चीन द्वारा पाक और चीन कॉरिडोर को लेकर 2018 में ग्वादर में निर्माण कार्य शुरू किया गया था। नवंबर 2018 में बलोच लिब्रेशन आर्मी ने कराची में चीनी दूतावास पर आक्रमण किया। 2019 में इस तंजीम ने ग्वादर के पीसी होटल पर आत्मघाती हमला किया था, जिसमें कि पांच चीनी इंजीनियर मारे गए थे। 13 अगस्त 2023 को अंजाम दिए गए हमले की जिम्मेदारी बलोच लिब्रेशन आर्मी ने ली थी। 2011 में बलोच लिबरेशन आर्मी के आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड का गठन किया गया था। यह दस्ता बलोच योद्धा मजीद लांग के नाम पर गठित किया गया था। मजीद लांग की मौत के बाद उसके छोटे भाई का जन्म हुआ, जिसका नाम भी मजीद रखा गया था। वह भी प्रतिबंधित बलोच लिबरेशन आर्मी में शामिल हो गया। 2011 में क्वेटा के पास मजीद एक खूनी मुठभेड़ में मारा गया। उसकी मौत के दिन इस तंजीम के गठन का ऐलान किया गया। बलोच लिबरेशन आर्मी के कमांडर उस्ताद असलम ने दोनों भाइयों की बहादुरी को देखते हुए, इस आत्मघाती तंजीम का नाम मजीद ब्रिगेड रख दिया।

आजकल बलोच विद्रोही व पाक तहरीक-ए-तालिबान के पश्तून बागी उस संपूर्ण इलाके को अपना निशाना बना रहे हैं, जहां से होकर पाक-चीन आर्थिक गलियारा गुजर रहा है। इस कॉरिडोर की हिफाजत के लिए चीन ने अपने सैनिक भेजने की पेशकश की, जिसको पाक ने ठुकरा दिया है, क्योंकि वह अमेरिका की नजर में चीन का सैन्य साझीदार देश नहीं बनना चाहता। अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत स्थापित हो जाने के बाद बलोच और पश्तून बागियों के संघर्ष में एक नई जान आ गई है। वे अफगानिस्तान में अपने गोरिल्ला कैंप बना लिए हैं। इन विद्रोहियों की भरपूर इमदाद अफगान तालिबान कर रहे हैं। विधि की विडंबना देखिए जिन अफगान तालिबान को पाकिस्तानी फौज ने पाला पोसा और परवान चढ़ाया था और फिर अफगानिस्तान में सत्तानशीन कराया था, वही आज पाकिस्तान के दुश्मन बनकर उभरे हैं।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

सुरेश हिंदुस्तानी



# अंसारी की मौत पर राजनीति क्यों

भारत के कुख्यात अपराधी मुख़्तार अंसारी की मौत के मामले को राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकार मौत के बहाने एक बार फिर से तुष्टिकरण की राजनीति की जा रही है। आतंकियों और अपराधियों को संप्रदाय से अलग देखने की क़वायद करने वाले कुछ राजनीतिक दल इस मौत को भी सांप्रदायिक चश्मे से देख रहे हैं। जबकि यह सत्य है कि किसी भी अपराधी को सजा उसके स्वयं के कर्म ही देते हैं। लेकिन राजनीतिक दलों को इसमें भी वोट की राजनीति करने का बहाना मिल जाता है। आज उत्तरप्रदेश अपराध मुक्त राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहा है, जिसके कारण अपराध करने वाला अपने कर्म को करने से पहले उसकी होने वाली परिणति को भांप लेता है और संभल जाता है, लेकिन उत्तरप्रदेश के विपक्षी दलों की दिशाहीन राजनीति फिर से उसी मार्ग पर जाने का रास्ता बनाने वाली दिख रही है, जिस मार्ग पर चलकर उत्तर प्रदेश बहुत पीछे हो गया था। आज राजनीति को अपराध से मुक्त करने की आवश्यकता है। ऐसी ही नीति बनाकर राजनीतिक दलों को अपने कदम बढ़ाने चाहिए। लेकिन हम यह भी भलीभांति जानते हैं कि इस प्रकार की राजनीति के माध्यम से देश में जिस प्रकार का खेल खेला गया, उससे न तो देश का भला हुआ और न ही उस समाज का ही भला हुआ। आज इस बात से कोई भी व्यक्ति इंकार नहीं कर सकता कि बाहुबल का पर्याय बन चुकी उत्तर प्रदेश की राजनीति में अब पहले जैसी धमक नहीं है। सरकारों को अपने संकेतों पर चलाने वाले उत्तर प्रदेश में माफिया राज का अंत हो चुका है। उल्लेखनीय है कि लम्बे समय से उत्तरप्रदेश में माफिया राज हावी था, यह माफिया हो चाहता था, राजनीतिक संरक्षण में उसको अंजाम भी देता रहा है। जिसके कारण तमाम अपराधी रंगदारी, हत्या, हत्या के प्रयास और ज़मीन पर कब्ज़ा करने के लिए अपनी दबंगई दिखाते थे, अब वैसी दबंगई नहीं दिखती तो इसके पीछे शासन और प्रशासन की सकारात्मक सक्रियता ही है।

उत्तरप्रदेश में बाहुबली नेता के तौर पर स्थापित होकर राजनीति करने वाले मुख़्तार अंसारी की मौत पर जमकर राजनीतिक बयानबाजी की जा रही है, कोई मुख़्तार की मौत को हत्या बताने की राजनीति की जा रही है तो कोई इसे वोट कबाड़ने की सीढ़ी बनाने का प्रयास कर रहा है। ये सभी जानते हैं कि मुख़्तार अंसारी कोई सामान्य अपराधी नहीं था, उस पर 65 मामले दर्ज थे, जिनमें उसको आठ में सजा भी मिल चुकी थी, लेकिन इसके बाद भी इस कुख्यात अपराधी के साथ राजनीतिक दलों का खड़े होना कई प्रकार के प्रश्न पैदा कर रहा है। विपक्षी दल जो आरोप लगा रहे हैं, वे एक अपराधी को समर्थन देने जैसा हैं। इससे यह भी अर्थ निकाला जा सकता हैं कि विपक्ष की राजनीति का आधार भी माफिया ही हैं क्या?

आज ज़ब विपक्षी राजनीतिक दलों की ओर से मुख़्तार अंसारी की मौत के कारणों की जांच की मांग की जा रही है, तब इसे इसलिए न्यायसंगत कहा जा सकता है कि जांच की मांग करना पूरी तरह से न्यायोचित है, लोकतांत्रिक देश में यह अधिकार सभी को है, लेकिन किसी घटना के बारे में निर्णय कर देने की राजनीतिक परंपरा जनता को भ्रमित करने जैसी ही मानी जाएगी। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि एक अपराधी को महिमामंडित करके उसके क्रियाकलापों का समर्थन करना राजनीति को अपराध से युक्त करना एक राजनीतिक प्रयास ही माना जाएगा। यहां एक सवाल यह भी उपस्थित हो रहा है कि मुख़्तार अंसारी के परिजनों ने यह स्पष्ट तौर पर कहा था कि उनकी तबियत बहुत ही खराब है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ हो गया है कि , मुख़्तार की मौत हार्ट अटैक से हुई। ऐसे में मौत के कारणों को लेकर सवाल उठाना राजनीति के अलावा कुछ नहीं। एक समय अपराध की दुनिया के शातिर रह चुके मुख़्तार अंसारी की वह ज़मीन पूरी तरह से खिसक चुकी थी, जिसके सहारे लोगों में डर का माहौल बनता था।

उत्तरप्रदेश लम्बे समय तक अपराध युक्त राजनीति का केंद्र रहा है। तमाम अपराधी भी इसके सहारे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त करते रहे हैं। इस संरक्षण के माध्यम से बाहुबली राजनीति के पर्याय बने नेताओं ने जहां एक ओर ज़मीनों पर अवैध कब्जा किए, वहीं कभी कभी निर्दोष लोगों को डराने के लिए हत्या जैसे कारनामों को भी अंजाम दिया। इसके बाद भी कई राजनेता उनके साथ खड़े दिखाई दिए। आज ज़ब राजनीति को अपराध से मुक्त करने की आवाज उठाई जाती है, तब उसका इशारा यह स्पष्ट संकेत देता है कि बाहुबल के सहारे जो खेल खेला जाता है, उस पर रोक लगना चाहिए, लेकिन कुछ राजनीतिक दल इस पर मौन साध लेते हैं। यही मौन उनको संरक्षण प्रदान करता है। उत्तरप्रदेश में निश्चित रूप से आज हालात बदले हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना किसी भेदभाव के प्रदेश को अपराध से मुक्त करने का साहस दिखाया है, उसके परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हड़बड़ी न करें, क्योंकि धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है!



संकलित
**दर्शन**

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है!



संकलित
**प्रेरणा**

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछाः हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोलाः हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछाः अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहाः मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूँ। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूँ, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहाः नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोलाः किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**इंडी गठबंधन के पाले बदल गए, चेहरे वही है**

इंडी के लिए राजनीति धालमेल है। कांग्रेस गठबंधन का चरित्र ही बदला नजर आ रहा है। इसके चलते चौतरफा विरोध के स्वर फुट रहे है। इंडी गठबंधन सत्ता के सपने बुन रहे उसके कार्यकर्ताओं ने ही झकझोर कर रख दिया है। केजरीवाल की 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत बढ़ गई है। इनका सता का सपना सच नही हो सकता है।केजरीवाल का दामन कांटो भरा है। केजरीवाल अगर दूध के धुले होते तो कोर्ट हिरासत क्यो बढ़ाती? लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से आए सैकड़ो बागियों को भाजपा में तरजीह मिली है। यह अपने अपने दल की विचारधारा है। **- कांतिलाल मांडोत**, सूरत

## ट्रेंड

### प्राथमिकताएं स्पष्ट



बैंकिंग व्यवस्था को लेकर हमारे विजन में बड़ी-बड़ी कंपनियों से लेकर रेहड़ी-पटरी वाले भाई-बहनों की जरूरतों पर भी हमारा फोकस है। आज भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं, इसलिए इसे प्रगति करने से कोई रोक नहीं सकता।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भगवान राम के पास सत्य था



भगवान राम जब सत्य के लिए लड़े, उनके पास सत्ता नहीं थी, संसाधन नहीं थे, उनके रथ भी नहीं था। रथ रावण के पास था, संसाधन रावण के पास थे। भगवान राम के साथ आशा थी, आस्था थी, विनम्रता थी, धीरज था, साहस था और सत्य था।

- प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता


### बहुत उत्साहित हूं



डिज्नी में मुख्य डीईआई अधिकारी के रूप में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। बॉब इगर और कैथलीन कैनेडी की सामग्री को और अधिक जीवंत बनाने के लिए उनके साथ काम करने का इंतजार नहीं कर सकता। यहां तक कि भाषाई भी।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### मां को सुकून



मां को बच्चों के लिए स्वेटर बुनना बहुत अच्छा लगता है। एक बार जब स्वेटर बन जाये तो तब तक सुकून नहीं मिलता जब तक मैं या मेरा भाई राजू स्वेटेर्स को बच्चों को देने का सुबूत उनको ना दें।

-अनुपम खेर, अभिनेता

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# गाजा के मुख्य अस्पताल से हटी इजराइली सेना

इजराइली सेना ने दो हफ्तों तक किए गए हमलों के बाद गाजा के मुख्य अस्पताल से अपने सैनिकों को हटा लिया और अपने पीछे तबाही के बड़े निशान छोड़ दिए हैं। फलस्तीनी निवासियों ने यह जानकारी दी। इजराइली सैनिकों को हटाए जाने के बाद सोमवार को सुबह सैकड़ों लोग शिफा अस्पताल और आसपास के इलाकों में लौटे जहां उन्हें अस्पताल के अंदर और बाहर शव पड़े मिले। इजराइली सेना ने इस हमले को करीब छह महीने से चल रहे युद्ध के सबसे सफल अभियान में से एक बताया और कहा कि उसने सैकड़ों हमास और अन्य आतंकवादियों को मार गिराया तथा कुछ अहम खुफिया दस्तावेज भी जब्त किए।



इजराइली सेना हटाए जाने के बाद इलाके में लौटे मोहम्मद महदी ने घटनास्थल के दृश्य को ''पूरी तबाही'' बताया। उन्होंने कहा कि कई इमारतें जला दी गयीं। उन्होंने इलाके में छह शवों की गिनती की। इनमें से दो शव अस्पताल परिसर में पड़े थे। एक अन्य निवासी याहिया अबू औफ ने कहा कि अस्पताल में मरीज, चिकित्सा कर्मी तथा विस्थापित लोग मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि कई मरीजों को नजदीकी अहली हॉस्पिटल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सेना के बुलडोजर ने अस्पताल परिसर के भीतर एक अस्थायी कब्रिस्तान को ढहा दिया है।

## ऑफ बीट

# जल्द गहराने वाला है रचनात्मकता का संकट

जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अपने स्रोत को श्रेय देना पसंद नहीं करती। कलाकारों के लिए यही समस्या है। कुछ ही सालों के भीतर जनरेटिव एआई



अचानक से एक नए प्रकार के रचनात्मक उपकरण के तौर पर क्रांतिकारी रूप में सामने आयी है। केवल शब्दों के जरिए थोड़ी सी व्याख्या करने मात्र से अब कोई भी रचना तैयार की जा सकती है । अगर लोग इस क्रांति की तुलना फोटोग्राफी, फोनोग्राफ, सिंथेसाइजर या इंटरनेट से कर रहे हैं तो वे कहीं भी गलत नहीं हैं। पूर्व की रचनात्मक तकनीकों की तरह ही एआई मौजूदा रचनात्मक प्रक्रियाओं को बाधित कर रही है। लेकिन पारंपरिक रचनात्मक विधियों से मुकाबला करने से कहीं अधिक जनरेटिव एआई टूल्स उन पिछले रचनात्मक कार्यों, कलाकारों के श्रम और उनकी रचनात्मकता का भी शोषण कर रहे हैं जिनका इस्तेमाल कर जनरेटिव एआई को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इसलिए इस मुद्दे पर तीखी बहस शुरू हो गई है कि जनरेटिव एआई को प्रशिक्षित करने के लिए इस्तेमाल की गई सामग्री से जुड़े अधिकारों से किस प्रकार निपटा जाना चाहिए। उभरते हुए एआई दिग्गज, ओपनएआई और स्टेबिलिटीएआई समेत एक खेमे का तर्क है कि जेनरेटिव एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए दुनिया के रचनात्मक संग्रह का इस्तेमाल 'उचित उपयोग'' है।




खबर संक्षेप

### हवाई माल ढुलाई से जुड़े सुरक्षा पहलुओं पर और गौर करने की जरूरत

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने सोमवार को कहा कि देश में नागर विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और इसके साथ कई तरह की चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। उन्होंने इसी के साथ 'एयर कार्गो' की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर और गौर करने की जरूरत को रेखांकित किया। राष्ट्रीय राजधानी में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के 38वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भल्ला ने निगरानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

### इजराइल को अमेरिका देगा और लड़ाकू विमान व बम



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने इजराइल को अरबों डॉलर के बम व लड़ाकू विमानों के निर्यात की मंजूरी दे दी है। मंजूरी में जिन हथियारों को शामिल किया गया है, उनमें 1,800 एमके-84 (2,000 पाउंड) बम व 500 एमके-82 (500 पाउंड) बम शामिल हैं। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन व विदेश विभाग के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

### मुंबई में बनने जा रहा देश का पहला ट्राई-सर्विस कॉमन डिफेंस स्टेशन

**मुंबई(एजेंसी)।** मुंबई को देश का सबसे ताकतवर सैन्य अड्डा बनाने की प्लानिंग हो रही है। पहली बार देश की आर्थिक राजधानी में ट्राई-सर्विस कॉमन डिफेंस स्टेशन बनाने की योजना बन रही है। यहां पर तीनों सेनाओं का संयुक्त स्टेशन होगा। यहीं से तीनों सेनाएं आपस में और ज्यादा बेहतर सामंजस्य से काम कर पाएंगी। साथ ही देश की पश्चिमी सीमा अधिक सुरक्षित हो जाएगी।

### बारूदी सुरंग में विस्फोट नौ बच्चों की जान गई

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पूर्वी अफगानिस्तान में खेलने के दौरान बच्चों को मिली पुरानी बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से नौ बच्चों की मौत हो गई। गजनी में तालिबान के सूचना एवं संस्कृति विभाग के निदेशक हमीदुल्ला निसार ने बताया कि गजनी सूबे के गेरो जिले के एक गांव में बच्चों को खेलने के दौरान करीब एक दशक पुरानी बारूदी सुरंग मिली थी।

ड्रैगन की फिर हिमाकत: विस्तावादी नीति पर कर रहा काम

# चीन ने अरुणाचल को बताया जंगनान, 30 जगह के नाम बदले

## भारत ने कहा-अरुणाचल हमारा अभिन्न अंग, काल्पनिक नामों से वास्तविकता नहीं बदलेगी

भाषा ▸▸ बीजिंग

अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा पेश करने की चीन की हालिया कोशिशों के बीच बीजिंग ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की कवायद को भारत खारिज करता रहा है। उसका कहना है कि यह राज्य देश का अभिन्न अंग है और 'काल्पनिक' नाम रखने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा। सरकारी 'ग्लोबल टाइम्स' ने रविवार को बताया कि चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने 'जंगनान' में मानकीकृत भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की। चीन अरुणाचल प्रदेश को 'जंगनान' कहता है और दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना दावा करता है। मंत्रालय की वेबसाइट पर क्षेत्र के लिए 30 अतिरिक्त नाम पोस्ट किए गए।

### सात साल में चौथी बार ऐसा किया




#### पूर्वोत्तर का सुरक्षा कवच

अरुणाचल प्रदेश पूर्वोत्तर का सबसे बड़ा राज्य है। नॉर्थ और नॉर्थ वेस्ट में तिब्बत, वेस्ट में भूटान और ईस्ट में म्यांमार के साथ यह अपनी सीमा साझा करता है। अरुणाचल प्रदेश को पूर्वोत्तर का सुरक्षा कवच कहा जाता है। चीन का दावा तो पूरे अरुणाचल पर है, लेकिन उसकी जान तवांग जिले पर अटकी है। तवांग अरुणाचल के नॉर्थ-वेस्ट में हैं, जहां पर भूटान और तिब्बत की सीमाएं हैं।

### नए नाम एक मई से प्रभावी होंगे

यह सूची एक मई से प्रभावी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुच्छेद 13 के अनुसार, इस घोषणा के क्रियान्वयन में कहा गया है कि "चीन के क्षेत्रीय दावों व संप्रभुता अधिकारों को नुकसान पहुंचा सकने वाले विदेशी भाषाओं में रखे गए, स्थानों के नामों को बिना प्राधिकार के सीधे उद्धृत या अनुवादित नहीं किया जाएगा।" चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने "जंगनान" में छह स्थानों के "मानकीकृत नामों" की पहली सूची 2017 में जारी की थी, जबकि 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। इसके बाद 2023 में 11 स्थानों के नामों के साथ एक और सूची जारी की गई थी।

### भारत ने चीन के दावों को हास्यास्पद बताया

चीन के विदेश और रक्षा मंत्रालय ने क्षेत्र पर अपना दावा जताने के लिए कई बयान जारी किए। इसके बाद 23 मार्च को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के बार-बार के दावों को हास्यास्पद बताते हुए खारिज कर दिया। कहा कि यह सीमावर्ती राज्य भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। इसके अलावा चीन इस मुद्दे पर अमेरिका से भी उलझ चुका है। अमेरिका ने जब कहा कि वह अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है, तो चीन ने इसका विरोध किया। कहा कि भारत-चीन का सीमा विवाद दोनों देशों के बीच का मुद्दा है। वॉशिंगटन का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

# तोशाखाना केस: इमरान और उनकी पत्नी की सजा निलंबित

भाषा ▸▸ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान और पत्नी बुशरा बीबी को दी गई 14 साल की सजा सोमवार को निलंबित कर दी। आम चुनाव से कुछ दिन पहले 31 जनवरी को इस्लामाबाद जवाबदेही कोर्ट ने दोनों को सजा सुनाई थी। सोमवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने तोशाखाना मामले में सजा निलंबित कर दी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने कहा कि सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद तय की जाएगी। तोशाखाना मामले में, 71 वर्षीय खान पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान मिले महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखने का आरोप है। तोशाखाना संबंधी नियमों के तहत सरकारी अधिकारी कीमत चुकाकर उपहार रख सकते हैं लेकिन पहले उपहार जमा किया जाना चाहिए।

### बंदूकधारियों की गोलीबारी में दो सैनिकों की मौत

**कराची(भाषा)।** अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बंदरगाह शहर ग्वादर के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने पाकिस्तानी सेना के बम निरोधक दस्ते पर अंधाधुंध गोलीबारी की जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई तथा चार अन्य जख्मी हो गए। 'डॉन' अखबार ने सोमवार को खबर दी है कि पाकिस्तानी फौज की बम निरोधक टीम ग्वादर जिले के अंकारा डैम इलाके में बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने में व्यस्त थी तभी बंदूकधारियों ने रविवार को उनपर गोलीबारी कर दी। इस हमले में दो सुरक्षा कर्मियों की मौत हुई है और चार अन्य जख्मी हुए हैं।

### पांच चीनी नागरिकों के शव वुहान पहुंचे

**बीजिंग(भाषा)।** पाकिस्तान में आत्मघाती बम हमले में मारे गए चीन के पांच कर्मियों के शवों को सोमवार को एक विशेष पाकिस्तानी सैन्य विमान से वुहान लाया गया। इस बीच बीजिंग ने आतंकियों के हमले बढ़ने के मद्देनजर सीपीईसी परियोजनाओं में कार्यरत अपने सैकड़ों श्रमिकों की सुरक्षा के लिए उपाय बढ़ाने की योजना बनाई है। पाकिस्तान की आतंकवाद निरोधक पुलिस ने पिछले सप्ताह उत्तर पश्चिम क्षेत्र में 26 मार्च को आत्मघाती बम हमले में पांच चीनी श्रमिकों और पाक चालक की हत्या के सिलसिले में छापेमारी कर कम से कम 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

पांच चीनी श्रमिकों की मौत मामले में 12 गिरफ्तार







## पन्नू मामले की जांच में भारत के अपने सुरक्षा हित जुड़े : जयशंकर

भाषा ▸▸ नई दिल्ली



■ किसी देश के नागरिक की हत्या के प्रयास में सरकारी अधिकारी की संलिप्तता 'अस्वीकार्य'

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में एक सरकारी अधिकारी की कथित संलिप्तता की जांच में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हित जुड़े हुए हैं। उन्होंने भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी के एक बयान के बारे में पूछे गए सवाल पर पत्रकारों से कहा कि हम इसकी जांच कर रहे हैं क्योंकि हमारा मानना है कि इस जांच में हमारे खुद के राष्ट्रीय सुरक्षा हित जुड़े हुए हैं।' गार्सेटी ने कहा था कि किसी दूसरे देश के नागरिक की हत्या के प्रयास में एक सरकारी अधिकारी की संलिप्तता 'अस्वीकार्य' है। जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी राजूदत अपनी सरकार की सोच या स्थिति के अनुसार जो सही होगा, वही कहेंगे। मेरी सरकार की स्थिति यह है कि खासतौर से इस मामले में हमें कुछ सूचना मुहैया कराई गई है जिसकी हम जांच कर रहे हैं।'

## रक्षा निर्यात पहली बार 21,000 करोड़ के पार : राजनाथ सिंह

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि देश का रक्षा निर्यात स्वतंत्र भारत के इतिहास में 'पहली बार' 21,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करके 'अभूतपूर्व बुलंदी' पर पहुंच गया है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में कहा कि सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय रक्षा निर्यात अभूतपूर्व बुलंदी पर पहुंच गया है और यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार 21,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है।''


### पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत अधिक



केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत अधिक है। रक्षा मंत्री ने कहा था कि सरकार के 'आत्मनिर्भरता' पर ध्यान केंद्रित करने के साथ 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड' के उद्देश्य को हासिल करने के लिहाज से हाल के वर्षों में रक्षा निर्यात में 'महत्वपूर्ण प्रगति' हुई है।

अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा

## भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेंगे, बाइडेन ने दिया आदेश



नया आदेश भारतीयों को राहत देने वाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका द्वारा भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम किया जाएगा। भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने यह बयान दिया है। अक्सर देखा गया है कि भारतीयों को अमेरिका के वीजा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इस मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति का नया आदेश राहत देने वाला है। बाइडेन ने आदेश दिया है कि अमेरिका भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा। गार्सेटी ने वीजा नियुक्तियों और प्रतीक्षा समय पर जोर डालते हुए कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने उन्हें भारत में वीजा के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने का आदेश दिया है। यह पहला उदाहरण है जब अमेरिका द्वारा किसी भी देश में इस बात पर गौर करने के लिए कहा गया है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर फोकस करें केंद्रीय एजेंसियां: सीजेआई

■ सीबीआई के स्थापना दिवस पर केंद्रीय एजेंसियों को बड़ी नसीहत

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सीबीआई के स्थापना दिवस पर केंद्रीय एजेंसियों को बड़ी नसीहत दी है। सीजेआई ने कहा कि चूंकि केंद्रीय एजेंसियों कम फैली हुई हैं। इसलिए उनको देश विरोध में हो रहे आर्थिक अपराध या राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों की जांच पर ही फोकस करना चाहिए। सीबीआई रेजिंग डे पर दिल्ली के भारत मंडपम में हुए 20वें डीपी कोहली मेमोरियल लेक्चर में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सीबीआई को भ्रष्टाचार विरोधी जांच एजेंसी के रूप में अपनी भूमिका से परे विभिन्न प्रकार के आपराधिक मामलों की जांच करने के लिए कहा जा रहा है।

हर तरफ ईंटें बिखरी पड़ी हैं और टिन की दीवारें टूटीं पड़ी

## जलपाईगुड़ी में तूफान प्रभावित बेबस और बेघर लोगों को राहत-पुनर्वास का इंतजार

### असम, मेघालय और अरुणाचल के लिए येलो अलर्ट जारी

भाषा ▸▸ जलपाईगुड़ी

पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी शहर और इसके आसपास के इलाकों के लोग रविवार को आए तूफान के बाद की स्थिति से जूझ रहे हैं जिसके कारण अब तक कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है और 200 से अधिक लोग बेघर हो गए हैं। अफरातफरी के बीच असहाय पंकज रे अपने घर के मलबे को निहारते दिखे जिसके चारों तरफ ईंट बिखरी हुई हैं और टिन की दीवारें टूट गई हैं। उन्होंने बताया कि उनका परिवार अब तूफान के दंश को झेल रहा है, उनके परिवार का एक सदस्य अस्पताल में जीवन और मौत के बीच जूझ रहा है।

### शाह ने तूफान प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की, हरसंभव मदद का आश्वासन दिया



■ केंद्रीय गृह मंत्री ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल, असम और मणिपुर के मुख्यमंत्रियों से बात की और उन्हें केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। तीनों राज्यों में तूफान की वजह से भारी नुकसान हुआ है। शाह ने तीनों राज्यों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि वे संकट की इस घड़ी में प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करें। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "तूफान के कारण पश्चिम बंगाल, असम और मणिपुर को हुए भारी नुकसान से बेहद चिंतित हूं। मुख्यमंत्रियों से बात की और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मृतकों के परिवारों के प्रति मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।



भारत मौसम विज्ञान विभाग ने विशेष बुलेटिन असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की खातिर अलर्ट जारी किया है। इसमें कहा गया है कि राज्यों में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने का अनुमान है। अगले चार दिन के लिए इन राज्यों में 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

### ब्रह्मपुत्र में नौका पलटने से बच्चे की मौत, दो लापता

**गुवाहाटी (भाषा)।** असम के दक्षिण सलमारा-मनकचार जिले में भारी बारिश और तूफान के बीच ब्रह्मपुत्र नदी में एक नौका के पलटने से चार साल के एक बच्चे की मौत हो गई और दो लोगों के लापता बताए जाते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी ने बताया कि रविवार शाम को सूबे के कई हिस्सों में अचानक आए तूफान के साथ ओलावृष्टि और भारी बारिश हुई, जिससे पेड़, बिजली के खंभे धराशायी हो गए और घरों को भी नुकसान हुआ। रविवार शाम पांच बजे सिशुमरा घाट से नेपुरेर अलगा घाट की ओर जाते समय नेपुरेर अलगा गांव में एक नौका पलट गई।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25